आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 189- ● जबलपुर ● मंगलवार, 9 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## भाजपा और शिंदे गुट में 50-50 का फार्मूला लागू

## 9-9 मंत्री बने

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे के शपथ ग्रहण के 39 दिन बाद उनके मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रिमंडल विस्तार में 50-50 का फार्मूला रहा। दोनों ओर से 9-9 विधायक मंत्री बनाए गए। सबसे पहले भाजपा के राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मंत्री पद की शपथ ली। उनके बाद भाजपा के ही सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत राधा पाटिल, विजय कुमार गावित और गिरीश महाजन ने शपथ ली। इसके बाद शिंदे गुट के गुलाब राव पाटिल, दादा भुसे, संजय राठौड़, सुरेश खाड़े, संदीपन भुमरे ने शपथ ली। 11वें नंबर पर शिंदे गुट के उदय सामंत शपथ लेने आए। उनके बाद तानाजी सावंत (शिंदे गुट), रवींद्र चव्हाण (भाजपा), अब्दुल सत्तार (शिंदे गुट), दीपक केसरकर (शिंदे गुट), अतुल सावे (भाजपा), शंभूराज देसाई (शिंदे गुट), मंगल प्रभात लोढा (भाजपा) ने शपथ ली।शपथ समारोह शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस एक-दूसरे से गर्मजोशी से मिले और अगल-बगल में बैठकर चर्चा करते नजर आए।

## डोनाल्ड ट्रम्प के घर FBI की रेड



**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने पूर्व राष्ट्रपति के आलीशान पॉम हाउस और रिजॉर्ट मार-ए-लीगो पर सोमवार देर रात (भारत में मंगलवार तड़के) छापा मारा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, FBI के कई एजेंट्स ने ट्रम्प के घर को घेर लिया है और तलाशी ली जा रही है। खुद डोनाल्ड ट्रम्प ने इस रेड की पुष्टि की है। उधर, ट्रम्प का कहना है कि वे मुझे चुनाव लड़ने से रोक रहे हैं। ट्रम्प ने कहा, च्फ्लोरिडा में मेरे पॉम बीच स्थित खूबसूरत घर मार-ए-लीगो को FBI ने कब्जे में ले लिया है। यहां की तलाशी ली जा रही है। यहां एफबीआई के एजेंट्स मौजूद हैं। मीडिया ने जब FBI के प्रवक्ता से इस बारे में सवाल पूछे तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जांच एजेंसियों के साथ सहयोग के बावजूद इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। यह न्याय तंत्र का हथियार के तौर पर गलत इस्तेमाल करने जैसा है। यह कट्टर लेफ्ट डेमोक्रेट्स का हमला है। वे नहीं चाहते हैं कि मैं 2024 का चुनाव लड़ूं। ट्रम्प के दो करीबियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स से बातचीत में कहा कि यह रेड बिना किसी नोटिस के की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस वक्त FBI एजेंट्स ने मार-ए-लीगो पर छापा मारा, उस वक्त खुद ट्रम्प वहां नहीं थे। बताया जाता है कि वो फिलहाल न्यूजर्सी में हैं। यहां वो एक केस के सिलसिले में गए हैं। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प के खिलाफ 6 जनवरी की हिंसा के मामले में जांच कर रही एक पार्लियामेंट्री कमेटी ने कहा था कि FBI को उनके खिलाफ जांच तेज करनी चाहिए।

## 70 साल की महिला ने बच्चे को दिया जन्म



**अलवर, एजेंसी।** राजस्थान में 70 साल की एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। महिला को आईवीएफ प्रक्रिया की मदद से संतान की प्राप्ति हुई है। घर में बच्चे के जन्म के बाद से 75 साल के उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य काफी खुश हैं। आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर संस्था के साइंटिफिक डायरेक्टर और एंब्रॉयोलॉजिस्ट डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि चंद्रावती और उनके पति गोपी सिंह झुंझुनू के पास स्थित हरियाणा बॉर्डर के सिंघाना ग्राम के रहने वाले हैं। इससे पहले बड़े-बड़े महानगरों में उन्होंने इलाज कराया था लेकिन सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद वो लोग अलवर आए। महिला ने करीब 2 वर्ष पूर्व अपना इलाज चालू करवाया था और फिर आईवीएफ प्रक्रिया के तीसरे प्रयास मैं गर्भवती हो गई थीं। चंद्रावती के पति गोपी सिंह एक रिटायर्ड फौजी हैं, जिनको फौज से रिटायर आए हुए 40 साल हो चुके हैं। गोपी सिंह ने बांग्लादेश के युद्ध में गोली भी खाई है और आज उनके घर में चिराग जला है और घर खुशियों की सौगात आई है। गोपीचंद के घर के 54 साल बाद बेटा होने की खुशी ने घर मे रौनक ला दी है।

## बिहार में नीतिश फिर मारेंगे पलटी

# राज्यपाल से मिलने का समय मांगा



**पटना,एजेंसी।** बिहार में नया गठबंधन के आकार लेने और एनडीए में टूट की आहट साफ सुनाई दे रही है। सीएम आवास पर जेडीयू की अहम बैठक हो रही है। इस बीच सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मिलने के लिए समय मांगा है। जेडीयू की बैठक खत्म होने के बाद नीतीश कुमार राजभवन जा सकते हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार आज राबड़ी आवास पर चल रही विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लग गई है। सूत्रों ने यह भी बताया है कि नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव भी राज्यपाल से मिलने जा सकते हैं। वहीं कुछ दिन बाद ही नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी भाजपा वैट एंड वॉच की नीति अपनाए हुए है। कुल मिलाकर बिहार की राजनीति एक-दो दिनों के भीतर अहम मोड़ से गुजरने वाली है। महागठबंधन और छुष्ठ को मिलकर बिहार में सरकार बनाने की खबरों पर कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि अभी बैठक में यही बात होने जा रही है। हमें उम्मीद है ऐसा ही होगा। बैठक के बाद तस्वीर साफ होगी। बिहार को महागठबंधन की जरूरत है।

### भाजपा के 16 मंत्री भी सौंप सकते हैं इस्तीफा

सूत्रों के हवाले से खबर ये भी आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी के 16 मंत्री भी इस्तीफा सौंप सकते हैं।भाजपा नालंदा से जदयू सांसद कौशलेंद्र सिंह ने पार्टी की बैठक में जाने से पहले बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश कर रही थी।

### सोनिया गांधी की नजर बिहार पर

बिहार की बदलती परिस्थितियों पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की भी नजर है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्तचरण दास ने कहा है कि सोनिया स्वयं बिहार पर नजर बनाई हुई हैं। उन्हें बिहार के बारे पल-पल बताया जा रहा है। हम सब एकजुट हैं। विधायक दल के नेता अजित शर्मा ने कहा कि तेजस्वी के नेतृत्व में हमसब मिलकर फैसला लेंगे। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है।

## रेप के आरोप में मिर्ची बाबा गिरफ्तार

### रायसेन की महिला ने भोपाल में दर्ज कराया केस, विरोध पर बाबा ने कहा था- बच्चा ऐसे ही होता है

**भोपाल, यशभारत।** हमेशा चर्चा में रहने वाले वैराग्यनंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा रेप केस में फंस गए हैं। मिर्ची बाबा को मंगलवार को ग्वालियर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है। ग्वालियर क्राइम ब्रांच के साथ भोपाल पुलिस भी थी। बाबा पर एक दिन पहले ही 28 साल की महिला ने भोपाल के महिला थाने में रेप का केस कराया है। मिर्ची बाबा को नागा बाबा का दर्जा प्राप्त है। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खास माने जाते हैं। कमलनाथ सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा भी था। पीड़िता रायसेन की रहने वाली है।



उसने शिकायत में पुलिस को बताया था कि उसकी शादी को चार साल हो चुके हैं। बच्चे नहीं हैं इसलिए मिर्ची बाबा के संपर्क में आई थी। बाबा ने पूजा-पाठ कर संतान होने का दावा किया। इलाज के नाम पर महिला को नशे की गोलियां खिलाकर रेप किया। घटना इसी साल जुलाई की है। विरोध करने पर बाबा बोला- बच्चा ऐसे ही होता है। मिर्ची बाबा ने बढ़ती महंगाई पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर विवादित बयान दिया था। मिर्ची बाबा ने कहा था- एक समय जब देश में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें सिर्फ 400 रुपए हुआ करती थी।



### बैतूल में बारिश का कहर..

# पुलिया बही, बाढ़ में घिरे श्रद्धालु

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के दक्षिणी भाग यानी इंदौर, जबलपुर और नर्मदापुरम में दो दिन से अच्छी बारिश हो रही है। भोपाल में देर शाम और देर रात को पानी गिरा। 24 घंटे में बैतूल में बारिश ने कहर ढा दिया। बैतूल के छोटे महादेव भोपाली में सोमवार को मेला लगा था। मेला स्थल तक पहुंचने के लिए पहाड़ी नदी को पार करना पड़ता है। लोग नदी पार कर कर रहे थे, तभी अचानक बा? आ गई। 5-6 लोग बीच नदी में फंस गए। सभी एक टूटे पेड़ का सहारा लेकर खड़े हो गए। बैतूल के सागर प्रजापति रस्सी लेकर नदी में कूदे और पेड़ से रस्सी को बांधकर दूसरे सिरे पर खड़े लोगों रस्सी पकड़ा दी। रस्सी के सहारे लोग नदी के बीच से बाहर आ सके। बैतूल जिले में आठनेर मार्ग पर मासोद के पास अंभोरा नदी की पुलिया टूटकर दो हिस्सों में बंट गई। रास्ता बंद हो गया। शाहपुरा इलाके में बारिश के बीच बिजली गिरने से 13 बकरियों की मौत हो गई। दो चरवाहे घायल हो गए। जिले के प्रभातपट्टन में दो घंटे में 4 इंच पानी गिर गया। 40 मकानों को नुकसान हुआ। सुखतवा पुल पर पानी आने से नागपुर हाईवे 4 घंटे बंद रहा।बैतूल-पचमढ़ी में हो रही अच्छी बारिश की वजह से नर्मदापुरम में तवा डैम के गेट खोलना पड़े। रतलाम के करमदी में सोमवार शाम बारिश से उफनाए नाले में बाइक सवार पिता-पुत्र बह गए। लोगों ने दोनों को बचाया। रतलाम-झाबुआ मार्ग पर करमदी में रपटे के ऊपर से पानी बह रहा था। पार करने की कोशिश में दोनों की जान पर बन आई। अब बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर एरिया बनने से भोपाल, सागर और शहडोल में भी तेज बारिश होना शुरू होगी।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## तीन साल रिलेशन में रहने के बाद ज्यादती का केस, वैधानिक व्यवस्था का दुरुपयोग

**इंदौर, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ज्यादती के आरोप में दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करे हुए कहा कि महिला तीन साल तक व्यक्ति के साथ रिलेशन में रही। शादी नहीं होने पर ज्यादती के आरोप में केस दर्ज कराना पूरी तरह गलत है। यह कानून में दी गई वैधानिक व्यवस्था का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ित व्यक्ति की अर्जी मंजूर करते हुए सारी कार्रवाई निरस्त कर दी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। मदन कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ सहकर्मी रही महिला ने रैप करने का आरोप लगाया था। दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में थे। महिला ने आरोप लगाया कि तीन साल से मदन शादी करने का आश्वासन देता रहा। फिर उसने साफ इनकार कर दिया। महिला ने मदन के खिलाफ केस दर्ज कराया। मदन को जिला कोर्ट और हाई कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। इस पर उसने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की।एसएलपी में उल्लेख किया कि महिला के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। तीन साल तक रिलेशन में रहने के दौरान कभी कोई विवाद नहीं हुआ। जहां तक ज्यादती की बात है तो महिला ने तीन साल की अवधि में कभी शिकायत नहीं की। पुलिस ने भी जांच किए बगैर ही सीधे केस दर्ज कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों में कानूनी व्यवस्था का दुरुपयोग हो रहा है। तीन साल तक साथ रहे, शादी नहीं होने की बात पर रेप का केस दर्ज कराना गलत है। अधिवक्ता आनंद अग्रवाल के मुताबिक शीर्ष कोर्ट के इस फैसला का फायदा निचली अदालतों में लंबित मामलों के निराकरण में मिलेगा।



### सीएम योगी को 3 दिन में बम से उड़ाने की धमकी, यूपी-112 में वाट्सएप नंबर पर भेजा मैसेज

**लखनऊ, एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ को एक बार बम से हमला कर उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बार भी धमकी यूपी-112 में व्हाट्सएप नम्बर पर मैसेज भेज कर दी गई। धमकी देने वाले ने अपना शाहिद बताया और कहा कि तीन दिन में बम से उड़ा दिया जाएगा। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में इस सम्बन्ध में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पुलिस प्रशासन और खुफिया एजेंसी इस मामले की पड़ताल कर रही हैं। कन्ट्रोल रूम यूपी-112 के आपरेशन कमांडर सुभाष कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है कि दो अगस्त की शाम को ऑपरेशन इंटरनेट मीडिया के व्हाट्सएप नम्बर पर मैसेज आया कि सीएम योगी को तीन दिन के अंदर बम से उड़ा देंगे। सुभाष ने इसकी जानकारी सम्प्रेक्षण अधिकारी अंकिता दुबे को दी। पुलिस ने मैसेज का स्क्रीन शॉट लेकर खुफिया एजेन्सियों को भी दिया है। इससे पहले भी ऐसे मैसेज भेजकर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है।

# टॉयलेट बनवाने पर 65 साल के दिव्यांग के हाथ-पैर तोड़े

### छतरपुर में चचेरे भाइयों ने डंडे से पीटा टॉयलेट को भी तहस-नहस कर दिया

**छतरपुर, यशभारत।** फिल्म च्टॉयलेट- एक प्रेम कथाज में अक्षय कुमार टॉयलेट बनवाने के लिए सभी से दुश्मनी मोल ले लेते हैं। छतरपुर में भी रविवार को कुछ ऐसा ही एक मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के खोंप गांव के बड़े पुरवा में टॉयलेट बनवा रहा 65 साल का एक दिव्यांग अपने ही परिवार का दुश्मन बन गया। टॉयलेट न बनवाने की बात नहीं मानने पर परिवार ने तिजवा कुशवाहा के हाथ-पैर तोड़दिए । उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। परिवारवालों ने पहले तो उसे खूब पीटा, फिर उसके बनवाए टॉयलेट को भी तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि अब तक वह और उसका पूरा परिवार शौच के लिए खुले में जाता रहा है।दिव्यांग होने के कारण उसे टॉयलेट की जरूरत महसूस हो रही थी। बहू-बेटियों को भी परेशानी होती है। खासकर बारिश के सीजन में ज्यादा परेशानी आती है। खुले में जाने के कारण जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। गांव के एक-दो लोग हादसों का शिकार भी हो गए हैं। इसीलिए उसने टॉयलेट बनवाया था। तिजवा ने बताया, मकान बनवाने के समय ही उसने सेप्टिक टैंक बनवा लिया था। बाद में कुछ और रुपए जुड़ने पर उसने 25-30 हजार रुपए खर्च कर सामान मंगवाया और आगे का काम शुरू करवाया।



### पिता चलाते किराना की दुकान, मां गृहणी

# बेटी 18,510 फीट ऊंची माउंट एल्ब्रुस पर 15 अगस्त को फहरागी तिरंगा

**रायपुर,एजेंसी।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को 18,510 फीट बर्फीली ऊंची पर्वत की कठिन चढ़ाई कर देश का तिरंगा लहराएगी। कवर्धा की बेटी यूरोप की 18510 फीट ऊंची माउंट एल्ब्रुस को फतह करेगी। इसे लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुभकामनाएं दी हैं। आठ अगस्त को अंकिता यूरोप के रूस के लिए निकल गई। इस पूरे सफर में करीबन पांच लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। परिवार में आर्थिक तंगी की वजह से अंकिता की उम्मीदें टूटने लगी थी। परिवार के पास पैसे नहीं थे। एल्ब्रुस चोटी फतह करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मदद की है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश का तिरंगा सौंपा है। साथ ही एल्ब्रुस पर्वत फतह के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी



है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की रहने वाली बिटिया अंकिता ने जनवरी 2022 में लद्दाख के यूटी कांगरी की 19 हजार बर्फीली ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी। यह पहला अवसर था, जब अंकिता ने पर्वत की चढ़ाई की थी। उस दौरान चोटी पर तापमान माइनस 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी बिरानी अवॉर्ड से अंकिता को नवाजा है।अंकिता चार सौ से अधिक युवक-युवतियों को पुलिस और सेंट्रल फोर्स में भर्ती के लिए ट्रेनिंग दे रही है। सभी लोगों को अंकिता फिजिकल ट्रेनिंग दे रही है और वह छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की रहने वाली है।

#### साधारण परिवार में जन्मी है अंकिता

अंकिता के पिता किराना दुकान चलाते और मां घर का काम करती हैं। साधारण परिवार में जन्मी अंकिता फिलहाल छत्तीसगढ़ पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है। अभी अंकिता की पोस्टिंग नक्सल सेल में है। अंकिता एक बेहतरीन एथलेटिक्स है, उन्होंने नेशनल लेवल पर और ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में अब तक कई पदक पर अपना नाम दर्ज कराया है। कवर्धा जिले की रहने वाली अंकिता गुप्ता को पूरे प्रदेश के लोग बधाई दे रहे हैं।

## ताइवान ने भी शुरू की लाइव-फायर आर्टिलरी ड्रिल

### क्या युद्ध का सायरन बज गया?

**फेंगगैंग टाउनशिप, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीनी सैन्य अभ्यास के बाद ताइवान की सेना ने भी लाइव-फायर आर्टिलरी ड्रिल शुरू कर दी है। किसी भी संभावित हमले से द्वीप की रक्षा को लेकर यह ड्रिल की जा रही है। ताइवान की आठवीं सेना कोर के प्रवक्ता लू वोई-जे ने पुष्टि की कि टारगेट फ्लेयर्स और तोपखाने की गोलीबारी के साथ दक्षिणी काउंटी पिंगटुंग में अभ्यास शुरू हुआ।ताइवान की ओर से मंगलवार को शुरू की गई यह ड्रिल गुरुवार तक जारी रहेगी। सेना ने कहा कि इसमें सैकड़ों सैनिकों की तैनाती होगी और करीब 40 हॉवित्जर को शामिल किया जाएगा। हालांकि, लू ने इस बात से इनकार किया है कि यह ड्रिल चीन के सैन्य अभ्यास के जवाब में की जा रही है। उनका कहना है कि यह ड्रिल पहले से ही निर्धारित थी।चीन की सेना ने सोमवार को कहा कि ताइवान के आसपास उसका बड़ा सैन्य अभ्यास जारी है, जबकि उसने पहले घोषणा की थी कि रविवार को लाइव-फायर अभ्यास समाप्त हो जाएगा। चीनी सेना के ईस्टर्न थियेटर कमांड ने कहा कि वह पनडुब्बी-रोधी हमलों और समुद्री छापेमारी का अभ्यास करेगा। इससे पहले चीनी सेना ने ताइवान की समुद्री सीमा के निकट जा लाइव फायर अभ्यास किया था, उसके बारे में कहा था कि वह ऐसा अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के विरोध में कर रहा है।दूसरी ओर ताइवान ने आरोप लगाया कि चीन इस ड्रिल के माध्यम से द्वीप पर हमला करने का अभ्यास कर रहा है। सोमवार को ताइवान ने कहा कि अभ्यास के दौरान अबतक कोई भी चीनी विमान और जहाज उसके समुद्री सीमा में प्रवेश नहीं किया है।

# रत्नों से शारीरिक-मानसिक दशाएं बदलती हैं भाग्य नहीं

**जीवन ज्योतिष में इस बार जाने कैसे रत्नों के माध्यम से लोग अपनी शारीरिक और मानसिक दशाओं में सुधार ला सकते हैं ,साथ ही रत्नों का उपयोग कब करें और कब ना करें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ज्योतिषाचार्य लोकेश व्यास और यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के बीच हुई सारगर्भित चर्चा। जिस में पं.लोकेश व्यास ने शास्त्रों ने वर्णित रत्नों की उत्पत्ति से लेकर उसके प्रभाव दुष्प्रभाव और वैकल्पिक मार्गों पर विस्तार से चर्चा की है। जिसे यशभारत न्यूज़ चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी देखा जा सकता है।**

### ऐसे हुई रत्नों की उत्पत्ति

चर्चा के प्रारंभ में पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि रत्नों की उत्पत्ति को लेकर हिंदू धर्म में समुद्र मंथन के द्वारा बताया गया है । इसके साथ ही ऋग्वेद के प्रथम अध्याय में रत्न शब्द मिलता है। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक जब समुद्र मंथन हुआ और मंद्राचल पर्वत को समुद्र में स्थापित कर वासुकी नाग के द्वारा मंथन हुआ। जिसमें हलाहल कामधेनु रंभा मां लक्ष्मी अमृत के साथ-साथ रत्नों की भी उत्पत्ति बताई गई है। जिसमें 14 प्रकार के रत्नों का उल्लेख है इसके अलावा 84 रत्नों को वर्तमान समय में इंगित किया जाता है।

यश भारत जीवन ज्योतिष

**वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं**
**प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे**

### कर्म की प्रधानता है

चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि रत्नों के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक दशाएं बदल सकती हैं। गलत समय पर गलत तरीके से गलत रत्न धारण करने से यह दशाएं बिगड़ भी सकती है। रत्नों का भाग्य परिवर्तन से कोई संबंध नहीं होता है भाग्य के लिए कर्म की प्रधानता सबसे प्रमुख होती है इसके साथ पूजा-पाठ जप तप भाग्य बदलने में सहायक होते हैं । कुछ लोग एक दूसरे को देख कर रत्न धारण कर लेते हैं जोकि गलत है। क्योंकि रत्न जन्म स्थान लग्न मुहूर्त दशा के आधार पर धारण किए जाते हैं ।यदि ऐसा ना हो तो इसके नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं।



यश भारत जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से चर्चा करते हुए यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला

### निःशुल्क परामर्श से बचें

कार्यक्रम के संचालक आशीष शुक्ला द्वारा पूछा गया कि वर्तमान समय में ज्योतिषाचार्य और ज्योतिष पर विश्वास रखने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है । अमूमन हर व्यक्ति के हाथ में कोई ना कोई रत्न देखने को मिलता है, जिसके जवाब में पं.लोकेश व्यास ने बताया कि ज्योतिष एक विज्ञान है। रत्न उसका एक हिस्सा है। ऐसे में लोगों को उन लोगों से बचना चाहिए जो ज्योतिष के नाम पर रत्न का व्यापार कर रहे। विशेष रूप से ऐसे लोग जो निःशुल्क परामर्श के नाम पर लोगों को लाखों के रत्न पहना देते हैं। जबकि उनकी गुणवत्ता और शुद्धता संशय के घेरे में रहती है। क्योंकि सर्टिफिकेशन वर्तमान समय में कुछ रुपए देकर तैयार हो जाते हैं। ऐसे में विश्वसनीय अनुभवी व धार्मिक प्रवृत्ति के आचार्य की सलाह पर ही रत्न धारण करना चाहिए।

### रत्नों के वैकल्पिक उपाय भी हैं

ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती कि वह महंगे रत्न धारण कर सकें ,लेकिन एक बार जानकारी मिलने के बाद मन में संशय की स्थिति बनी रहती है। जिसको लेकर पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि जो लोग महंगे रत्न धारण नहीं कर सकते उनके लिए प्रकृति ने वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की है। जैसे जिन लोगों को पन्ना पहनना हो और उनकी आर्थिक स्थिति उस योग्य ना हो तो वे अधिक से अधिक हरी सब्जियों का सेवन कर पन्ना से होने वाले लाभ को ले सकते हैं । इसी प्रकार पुखराज के विकल्प के रूप में केले की जड़ और नीलम के विकल्प के रूप में शनि की जड़ अभिमंत्रित कर धारण की जा सकती है इसी तरह कई रत्न है जिन के वैकल्पिक मार्ग प्रकृति में उपलब्ध हैं जिस की विस्तार से जानकारी दी गई है।

इन बिंदुओं के अलावा जीवन ज्योतिष में रत्न धारण करने उनके मुहूर्त आदि पर भी चर्चा हुई । जिसमें चंद्रमा की बढ़ती और घटती कलाम के समय अलग-अलग रत्नों के धारण करने को लेकर विस्तार से बताया गया है ।साथ ही कुछ रत्नों के प्रभाव दुष्प्रभाव को भी विस्तार से बताया गया । इसके अलावा कार्यक्रम में रत्नों के धारण करते समय जिन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए इसकी भी जानकारी पंडित लोकेश व्यास द्वारा दी गई। जिसे विस्तार से जानने के लिए पूरे इंटरव्यू को यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जाकर विस्तार से देखा जा सकता है।


महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू का अभिनंदन करते चौरसिया समाज के पदाधिकारी

# चौरसिया समाज जबलपुर का प्रतिभा सम्मान समारोह

**जबलपुर, यशभारत।** नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष अनिकेत चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज जबलपुर का चौरसिया दिवस नाग पंचमी पर्व के उपलक्ष्य पर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को शिक्षा में अभिरुचि जाग्रत करने व अन्य विधायो मे भी प्रोत्साहन करने के उद्देश से 34 वा गौरवशाली प्रतिभा सम्मान समारोह आगा चौक स्थित आशीर्वाद उत्सव में मुख्य अतिथि नव निर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना, भाजपा अध्यक्ष जीएस ठाकुर, अखिल भारतीय आदर्श महासभा के अध्यक्ष गौरव चौरसिया, समाज अध्यक्ष योगेश चौरसिया, कार्यक्रम संयोजक राजेश चौरसिया, अखिल चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, मधुसुदन मोदी, चंद्रकिशोर मोदी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष कामना मोदी के द्वारा दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ उसके पश्चात आयोजन मंडल ने सभी अतिथियों का मोती की माला, शाल, श्रीफल, साफा बांधकर एवं अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया, कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य एवं गीत गायन भी किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में विशेष रूप से सिविल जज की परीक्षा में प्रथम प्रयास में उतीर्ण हुए मंडला के संजीत चौरसिया, समाज के बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने वाले पन्ना के सुनील चौरसिया, जम्परोप अखिल भारतीय प्रतियोगिता कर्नाटक में स्वर्ण पदक हासिल करने पर तनिश चौरसिया, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करते हुए स्व्क्ष्क्र, स्ष्ठ के बाद सुपरस्पेशलिटी परीक्षा देश स्तर पर 180 वीं रेंक प्राप्त करने पर डॉ. वेदांत मोदी, समाज के वयोवृद्ध मीसाबंधी पान कृषक रामप्रताप चौरसिया को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं लगभग 500 छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**महापौर का मोती की माला, शाल, श्रीफल, साफा बांधकर एवं अभिनंदन**

## हर घर पर फहरे हमारा तिरंगा, लोगों में भर रहे उत्साह

# विभिन्न संगठनों की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया

**जबलपुर, यशभारत ।** आजादी के अमृत महोत्सव पर हर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए तमाम साहित्यिक और सामाजिक संगठनों द्वारा जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान को यादगार बनाने बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपना योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न संगठनों की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया।

### जिला चिकित्सालय से निकली तिरंगा जागरूकता रैली

क्षेत्रीय संचालक एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजय मिश्रा के निर्देशन में डा. राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में रीजनल इंस्टीट्यूट ग्लोबल नेचर केयर संगठन की प्राचार्य एवं नर्सिंग छात्राएं उपस्थित रहीं। यह तिरंगा यात्रा जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर ओमती चौराहा, तुलाराम चौराहा से होते हुए मालवीय चौक तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में ग्लोबल कालेज की छात्राओं एवं मलेरिया कर्मचारियों ने डेंगू और चिकिनगुनिया से बचाव की तख्तियों में नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और प्रचार प्रसार रथ, तिरंगा यात्रा के साथ जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए निकाला। इस तिरंगा यात्रा को क्षेत्रीय संचालक डा. संजय मिश्रा एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. राकेश पहारिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डा. मनीष मिश्रा, डा. अमिता जैन, डा. पंकज ग्रोवर, डा. धीरज दवंडे, डीपीएम विजय पाण्डे एवं समस्त मलेरिया कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




**एन. आई.सी. के अधिकारी कर्मचारियों ने तिरंगा फहराने की ली शपथ***

एन. आई.सी. जबलपुर द्वारा सम्मिलित रूप से तिरंगा उत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त के मध्य अपने घरों में तिरंगा फहराने का संकल्प लिया गया। इस आयोजन में हृष्ट में पदस्थ एवम संलग्न सभी अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए ।

### राष्ट्र की पहचान है ध्वज हमारा तिरंगा : स्वामीनरसिंह दास महाराज*

### साहू समाज ने चेरीताल में निकाली तिरंगा यात्रा

***जबलपुर,यशभारत।** भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। राष्ट्र की समृद्ध आर्थिक सामाजिक,सांस्कृतिक,साहित्यिक विरासत को सहेजना हमारी प्राथमिकता है । भारत की पहचान तिरंगा है । आजादी के परवानों ने तिरंगे की शान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर साहू समाज के सामाजिक जनों के हर घर तिरंगा अभियान के शुभारंभ अवसर पर स्नेह परिसर चेरीताल में परम पूज्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर नरसिंह दास महाराज ने कहेहाथ में तिरंगा लेकर सभी से आजादी के अमृत महोत्सव में 13-15 अगस्त तक घर-घर जाकर तिरंगा फहराने का आग्रह किया । इस अवसर परजी एस ठाकुर, पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, शरद काबरा, आजाद साहू, जगदीश साहू, धर्मेंद्र साहू, राजू कोठी वाले, सीताराम साहू, सुधीर साहू, मुन्नू साहू, विवेक यादव, दिलीप दुबे , विक्की शर्मा बच्चों और युवाओं के साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे ।आशीर्वाचन, भारत माता पूजन आचार्य अनूप देव शास्त्री जी, आचार्य श्री कामता प्रसाद शास्त्री जी ने दिये ।मंच संचालन शरद काबरा ने आभार धन्यवाद ज्ञापन विध्येश भापकर ने किया ।

### बुंदेलखंडी गीत के माध्यम से लोगो को जागृत किया*

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा फहराने हेतु लोगों में उत्साह जगाने हेतु जबलपुर वासी तरह तरह से लोगों को जागृत कर रहे हैं इसी तारतम्य में आज भंवरताल और आसपास के क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनचेतना जागृत की गई जहां बुंदेलखंडी महिला संस्था की महिलाओं ने एक नुक्कड़ नाटक खेला जिसमें 1947 का भारत और आधुनिक भारत के बीच में क्या-क्या परिवर्तन हुए इस बारे में एक नाटक खेल कर लोगों को बताया और 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर में तिरंगा फहराया जाना है जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा नुसार आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा फहराना का वचन ले रहे है।



## जेएनकेविवि के प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों को सातवें वेतनमान का एरियर्स न मिलने से असंतोष

**जबलपुर,यशभारत।** केन्द्रीय प्राध्यापक वैज्ञानिक परिषद, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के शिक्षकों/प्राध्यापकों / वैज्ञानिकों का सातवें वेतनमान आयोग लागू किया गया था जो 01जनवरी 2022 पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है किन्तु 01.जनवरी.2016 से 31.दिसंबर .2021 तक का एरियर्स की राशि के भुगतान के आदेश/निर्देश आज तक जारी नहीं किये गये है जबकि मध्यप्रदेश के अन्य सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में एरियर्स का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार का दोहरा मापदण्ड सिर्फ और सिर्फ कृषि वैज्ञानिकों व शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों का यह रवैया कृषि वैज्ञानिकों में भारी असंतोष पैदा कर रहा है, इन्हीं सब बातों को लेकर केन्द्रीय प्राध्यापक, वैज्ञानिक परिषद्, जबलपुर एवं क्षेत्रीय यूनिट के पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक की गई ताकि आगामी समय में एरियर्स प्राप्ती हेतु रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान परिषद् के अध्यक्ष डॉ. एस. के. पाण्डे, महासचिव डॉ. अभिषेक शुक्ला डॉ. के.के. अग्रवाल, डॉ. बी. के. तिवारी, डॉ. ए.के. राय, डॉ. एम.एल. केवट, अध्यक्ष क्षेत्रीय यूनिट, डॉ. आ.के. बाजपेयी, डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. अमित शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## वर्षो से नहीं हुई कोरोना योद्धाओं की पदोन्नति

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कारोना योद्धा एमपीडब्ल्यू एएनएम सुपरवाईजर , एलएचव्ही , लैब टेक्नीशियन , फार्मासिस्ट कंपाउंडर , मलेरिया निरीक्षकों और बीईई पदोन्नति की लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं । कोरोना योद्धा अपने मूलपद पर लगभग 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं और उन्हें एक भी पदोन्नति का लाभ आज दिनांक नहीं मिला है , कर्मचारी अपने मूलपद से ही सेवानिवृत्त हो रहे , जबकि पदोन्नति से शासन को किसी भी प्रकार का वित्तीय भार भी नहीं आयेगा , उन्हें सिर्फ उच्चपद का पदनाम ही मिल पायेगा । शासन द्वारा विगत दिनों पदोन्नति नीति भी जारी कर दी गई है , जिसमें अब पदोन्नति करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है । स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अन्य विभागों के कर्मचारियों से समकक्ष योग्यता रखने के बावजूद कम वेतन प्राप्त हो रहा है । वर्षों से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण लंबित है , और कोरोना योद्धाओं की 20 से 30 वर्ष की सेवा उपरांत पदोन्नति न होने से गहन रोष व्याप्त है और आर्थिक नुकसान हो रहा है ।

# गरज चमक के साथ हो सकती है वर्षा

**जबलपुर, यशभारत।** मंगलवार को मौसम में बदलाव आने के संकेत हैं। वर्तमान में पश्चिमोत्तर बंगाल की खाड़ी में तटीय आंध्र प्रदेश के आसपास लो-प्रेशर एरिया एक्टिव हो गया है। यह मंगलवार से और ज्यादा सक्रिय हो जाएगा। मानसून ट्रफ जैसलमेर-कोटा से लेकर गुना-जबलपुर और पेंड्रा रोड होते हुए उत्तरी अंडमान सागर तक फैली है। कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। मंगलवार को बारिश के अभाव में मौसम में उमस की स्थिति बनी हुई है। तापमान ज्यादा होने और वातावरण में नमी होने से चिपचिपी गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव से मानसून सक्रिय हुआ है। शनिवार और रविवार को रुक-रुक कर हुई बौछारें पड़ती रहीं। उम्मीद थी कि सोमवार को भी ऐसे ही हालात रहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जबलपुर में अगस्त माह में जलवायु के लक्षण, जुलाई माह की तरह ही होते हैं। सीजन में वर्षा का आंकडा 24 इंच पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के रिकार्ड में अब तक कुल 609.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है। वहीं गत वर्ष की बात करें तो आज के दिन तक 421.3 मिलीमीटर यानी 16.5 इंच वर्षा हुई थी। इस बार वर्षा के दिनों की औसत संख्या 14.9 है । जबलपुर में भारी वर्षा के हालात तब बनते हैं, जब बंगाल की खाड़ी से अबदाब, तट की ओर बढ़ता हुआ उड़ीसा को पार कर मध्यप्रदेश के मध्यभाग की ओर पश्चिम दिशा में बढ़ने लगता है। यहां पर अधिकांश बार भारी वर्षा की सक्रियता पश्चिमी विक्षोभों के जरिए ही होती है, जो देश के उत्तरी भाग से गुजरते हैं।





## श्री हनुमान शक्ति मंदिर सुनरहाई में पार्थिव शिवलिंग निर्माण , रुद्राभिषेक एवं आरती

**जबलपुर,यशभारत।** श्री हनुमान शक्ति मंदिर सुनरहाई अम्बा मार्केट के सामने दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण , रुद्राभिषेक एवं आरती हुई। संयोजक पुजारी पं. ओंकार प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आज दोपहर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। दोपहर हवन प्रारंभ हुआ। शाम 5 बजे पूर्ण आहुती होगी। रात्री 8 बजे पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन हनुमानताल में किया जाएगा।

## कुर्सी संभालते ही महापौर उतरे मैदान में

# हमारा दफ्तर हमारा घर की तर्ज पर नागरिकों को वार्डों में ही उपलब्ध कराई जायेगी जन सुविधाएँ - अन्नू

**जबलपुर,यशभारत ।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही घोषणा के अनुरूप मैदान में उतरे और जनताजर्नादन से रू-ब-रू हुए। इस मौके पर उन्होंने नागरिकों की समस्याएँ भी गंभीरता से सुनी और सभी का निराकरण कराने मौके पर ही निगम अधिकारियों को निर्देश दिये। महापौर के साथ क्षेत्रीय पार्षद शेखर सोनी, मनीष महेश पटैल, अनुपम जैन, एवं निगम के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। निरीक्षण के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जनता से किये वायदे के अनुरूप वे पहले दिन संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले वार्डो के नागरिकों के बीच पहुँचे और उनकी समस्याओं को सुनकर निदान कराने का आष्वासन दिया। महापौर ने इस अवसर पर संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 1 एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता मेरे लिए जर्नादन के समान है। इनकी समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो इस बात का आप सभी विशेष रूप से ख्याल रखें। महापौर श्री अन्नू ने वार्डो के भ्रमण के दौरान कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का हर स्तर पर ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को किसी काम के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, ऐसी व्यवस्थाएँ हम सुनिश्चित कराएगें। महापौर ने कहा कि उनकी यह कोशिश रहेगी की नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई हमारा घर हमारा दफ्तर की तर्ज पर उनके वार्डो में ही हो इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाने को कहा।



महापौर ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो की भी जानकारी ली तथा निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज उनका पहला दौरा है, इसलिए उन्होंने आज सभी को निर्धारित समय पर शहर की सफाई व्यवस्था को उत्तम रखने तथा अन्य विकास कार्यो को भी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई के कार्यो में भी कोई लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। महापौर द्वारा निरंतर अलग-अलग संभागों का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों के साथ सतत् सम्पर्क, संवाद, करके कार्यो में बेहतर परिणाम लाने प्रयास किये जायेगें।

आज शहादत के पर्व मोहर्रम की दसवीं तारीख

# सुबह निकला मातमी जुलूस दोपहर में सवारियां और ताजिये



**जबलपुर यशभारत। आज शहादत के पर्व मोहर्रम की दसवीं तारीख पर सवारियां और ताजिये जुलूस की शक्ल में कर्बला पहुंचेंगे। दोपहर बाद यह जुलूस शुरू हुआ। सदर समेत कई इलाकों की सवारियां गश्त करती हुई कोतवाली, फुहारा, बल्देवबाग होते रानीताल कर्बला पहुंचेंगी। गढ़ा का जुलूस पुरवा से शुरू सूपाताल कर्बला में सम्पन्न होगा। सिया समाज का मातमी जुलूस सुबह साढ़े आठ बजे गलगला स्थित इमामबाड़े से शुरू हुआ जो रानीताल कर्बला में समाप्त होगा।**



मंगलवार को दोपहर दो बजे जुहर की नमाज अदा करने के बाद नगर के विभिन्न अंचलों से सवारी ताजियों के जुलूस निकलना शुरू हुआ। जुलूस बहोराबाग, चार खंबा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया, बल्देवबाग, आगा चौक होते हुए रानीताल कर्बला पहुंचेगा। जहां परम्परानुसार सवारी ताजिये विसर्जित किए जाएंगे। सदर में जुलूस शाम को निकाला जाएगा। वहीं गढ़ा में दोपहर 2:30 बजे शुरू हुआ। मुफ्ती ए आजम मप्र मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने मुहर्रम के जुलूस में छोटे वाहनों से लंगर बांटने की हिदायत दी है। मौलाना साहब ने मुहर्रम के जुलूस में शालीनता और सद्भाव कायम रखने की अपील की हैं।

### आशूरा पर नगर के शिया समुदाय का मातमी जुलूस

इस्लाम कैलेंडर वर्ष में पहला महीना मोहर्रम कहलाता है। आज मोहर्रम की दस तारीख है जिसे आशूरा कहते हैं। ये दिन योगे आशूर के नाम से भी मशहूर है। जिसे पूरी दुनिया में मनाया जाता है। आज के दिन इस्लाम के दुश्मन यज़ीद नाम के दहशतगर्द ने ईराक के करबला में इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मोहम्मद (स.) के नवासे इमाम हुसैन (अस) को उनके 72 साथियों के साथ शहीद कर दिया था। इस दिन पूरी दुनिया के मुसलमान जुलूस निकालते है और इमाम हुसैन (अस) का गम मनाते है। इमाम हुसैन (अस) अग्न इंसाफ करने वाले भाई चारा और शांति के प्रतीक थे। उनका निश्चय मनुष्य को अच्छाई की ओर बुलाना और बुराई से रोकना था। जबलपुर में भी शिया समाज द्वारा मोहर्रम मनाया जाता है। मोहर्रम की 1 तारीख से 9 तारीख तक मजलिसों का कार्यक्रम गलगला स्थित शिया इमामबारगाह में होता है। जिसमे इमाम हुसैन (अ स) की खासियत और पैगाम के साथ यजीद के जुल्मो सितम का जिक भी किया जाता है। मोहर्रम की 10 तारीख यानि आज िआशूरा मनाया जा रहा है। आज सुबह 8 बजे मस्जिद जाकिर अली गलगला में आशूरा के आमाल मौलाना शबीह हैदर काज़मी साहब की अगुवाई में किये गये। उसके पश्चात् मजलिस का एहतेमाम गलगला स्थित शिया गइमामबारगाह में किया गया। जहाँ मौलाना शबीह हैदर काजमी साहब ने यजीद के जुल्मों और इमाम हुसैन (अस) की शहादत को बयान किया। उसके पश्चात् एक मातमी जुलूस मौलाना शबीह हैदर काजमी साहब की अगुवाई में निकला जिसमें बड़ी संख्या में शिया बंधुओं ने शिरकत की। कोतवाली में मौलाना साहब की तकरीर हुई जिसमें आपने इमाम हुसैन (अस) की जीवनी और उनकी अच्छाईयो पर प्रकाश डाला। उसके पश्चात् जंजीर का मातम हुआ। मातमी जुलूस शिया इमामबारगाह से फूटाताल चौक, लकडगंज, सुनरहाई कोतवाली, बड़ा फव्वारा, सब्जी मंडी से होता हुआ बल्देवबाग, आगा चौक से रानीताल करबला में सम्पन्न हुआ। जुलूस में सभी स्वयंसेवियों के साथ अनुशासन से और करोना गाइड़ लाइन का पालन करते हुए मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस मे नोहाखानी शुजाअत हुसैन रिजवी, शमशुल भाई, काजिम हुसैन रानू भाई, शुजाअत हुसैन मंडलवी, शिराज नकवी, ऐहतेशाम नकवी, सलमान नकवी फैजान नकवी आदि ने पेश की। अंजुमन के अध्यक्ष जनाब आले अली और सचिव जनाब एजाज अली ने पुलिस प्रशासन नगर निगम मिडिया व अन्य सभी का आभार व्यक्त किया।

अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस



## अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ ने शहीदों को किया नमन

**जबलपुर ,यशभारत।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को अखिल भारतीय आदिवासी सादरी महासंघ द्वारा एक बाइक रैली बिरसा मुंडा तिराहा अधारताल से माल गोदाम स्थित शहीद शंकर शाह रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल तक निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में महासंघ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लियारैली के शुभारंभ में प्रातः 10:00 बजे अमर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्नान किया गया इसके बाद रैली प्रारंभ हुई जो अधारताल तिराहा से प्रारंभ होकर गोहलपुर से मिलोनीगंज कोतवाली कमानिया गेट बड़ा फुहारा मालवीय चौक करमचंद चौक घंटाघर से अंबेडकर चौक होते हुए मालगोदाम चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां शहीद बायको माल्यार्पण कर रैली का समापन किया गया माल गोदाम स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम संयोजिका पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया ने कहा कि देश के मैं अनेक ऐसे वीर योद्धा रहे जिन्होंने वतन की रक्षा और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को लेकर हमारे इन शहीद आदिवासी रणबांकुरे ने 1 लंबी लड़ाई के माध्यम से पीड़ति शोषित आदिवासियों को उनका वाजिब हक दिलाया और अन्याय के खिलाफ लड़ते लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए चाहे आदिवासियों के आराध्य बिरसा मुंडा हो चाहे अमर शहीद शंकर शाह रघुनाथ शाह टंट्या भील इनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा आज हम विश्व आदिवासी दिवस पर अपने इन शहीदों को नमन वंदन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं इस अवसर पर संगठन के प्रमुख रोशन लाल कोल कुंजीलाल गोटिया भैयालाल गोटिया मगन सिंह भोमिया शिवकुमार गोटिया अशोक कुमार गोटिया बाबा मोतीलाल गोटिया नागपुर पार्षद लक्ष्मी गोटिया लक्ष्मण तिवारी राजेंद्र पटेल जीतू गोटिया गणेश कोल ऐसे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे ने सुविधाएं दिए बिना 24 घंटे मालगोदाम खोलने का निर्णय क्यों लिया

### मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने आश्चर्य जताया

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि रेलवे ने समुचित सुविधाओं के अभाव के बावजूद मालगोदाम 24 घंटे खोलने का निर्णय ले लिया। कायदे से पहले सुविधाएं पूरी देनी चाहिए इसके बाद इस तरह के कदम उठाने चाहिए, लेकिन रेलवे ने मनमानी करते हुए मालगोदाम से जुड़े ठेकेदारों के लिए चिंता का वातावरण निर्मित कर दिया। इससे तंग आकर पहले शिकायतें की गईं। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो कानूनी कुमार गुप्ता की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर द्वारा 11 जुलाई, 2022 को झुकेही मालगोदाम 24 घंटे लदान व उतरान कार्य के लिए खोले जाने का आदेश जारी किया है। सवाल उठता है कि जब झुकेही मालगोदाम में सुविधाओं का अभाव है, तो उन्हें दूर किए बिना इस तरह का आदेश कैसे जारी कर दिया गया। शून्य से 24 बजे तक कार्य के लिए खोलने के स्थान पर छह से 22 बजे



लड़ाई शुरू की गई। मामले पर सुनवाई के बाद महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया। हाई कोर्ट ने झुकेही मालगोदाम में असुविधाओं को दूर किए जाने की मांग संबंधी याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि शिकायत पर विचार कर 15 दिन के भीतर समुचित निदान किया जाए। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता श्रीकृष्णा वेयर हाउसिंग एंड ट्रांसपोर्ट कांट्रेक्टर पंकज गुप्ता व संतोष तक खोलना ठीक होगा।इस संबंध में याचिकाकर्ता पूर्व में 19 जुलाई, 2022 को अभ्यावेदन प्रस्तुत कर चुका है, लेकिन शिकायत दूर नहीं की गई, इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। याचिका में रेलवे बोर्ड के पत्र का भी हवाला दिया गया है, जिससे साफ है कि झुकेही मालगोदाम में असुविधाओं की भरमार है। लिहाजा, शिकायतें दूर होने तक 24 घंटे का नियम बदला जाए। समय पूर्ववत किया जाए।



## अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवा दल द्वारा अगस्त क्रांति दिवस पर तिरंगा रैली निकाली गयी। शहीद स्मारक से निकाली गयी तिरंगा रैली में महापौर एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना, नित्यनिरंजन खंपरिया, सतीश तिवारी, विश्वमोहन, प्रशांत मिश्रा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

## किरायेदारी अनुबंध को लेकर मनमानी अनुचित, मोबाइल टावर हटाएं: कोर्ट

**जबलपुर, यशभारत।** प्रथम व्यवहार न्यायाधीश की अदालत ने किरायेदारी अनुबंध को लेकर मनमानी को अनुचित करार दिया। इसी के साथ प्रतिवादी कंपनी को अपना मोबाइल टावर अलग करने के निर्देश दे दिये। ऐसा न करने पर अवमानना कार्रवाई के लिए तैयार रहने की हिदायत दी। इसी के साथ लंबे समय से हलकान वादी ने राहत की सांस ली। वादी के अनुसार उसके साथ अमानत में ख्यानत जैसा व्यवहार किया गया था। वह किराये पर जमीन देकर फंस गया था। न तो किराया मिल रहा था और न ही जमीन रिक्त की जा रही थी। पहले चरण में लीगल नोटिस दिया। जब कोई असर नहीं हुआ तो मामला दायर किया गया। प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, पाटन रवि कुमार साहू की अदालत ने प्रतिवादी जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर को दो माह के भीतर मोबाइल टावर हटाने का आदेश दिया है। साथ ही वादी को प्रतिवादी से अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी माना है। मामला दायर करने में हुए खर्च की राशि भुगतान करने का भी प्रतिवादी को निर्देश दिया गया है। वादी आदि एंक्लेव, राइट टाउन निवासी अधिवक्ता डा.प्रशांत मिश्र ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि वे वादग्रस्त भूमि के मालिक हैं। प्रतिवादी जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर मोबाइल संचार का व्यवसाय करता है। उसे मोबाइल टावर लगाने के लिए जगह की आवश्यकता थी, इसीलिए चार फरवरी, 2009 को 120 माह यानी 10 वर्ष के लिए अनुबंध किया गया। पांच हजार रुपये मासिक किराया इस शर्त के साथ निर्धारित किया गया कि प्रत्येक तीन वर्ष के बाद किराया 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। 24 नवंबर, 2011 के पूर्व तक प्रतिमाह किराया भुगतान किया गया। बाद में प्रतिवादी ने वादी को पत्र भेजकर किराएदारी एकपक्षीय तरीके से निरस्त करने सूचित कर दिया। जहां एक तरफ किराया देना बंद कर दिया गया। वहीं, दूसरी तरफ जमीन पर मोबाइल टावर यथावत रहा। आज तक जमीन खाली नहीं की गई है और किराया भी नहीं दिया जा रहा है। किराए की बकाया राशि भी अप्राप्त है, इसीलिए अदालत की शरण ली गई।

## बेलखेड़ा में दो सटोरियों को पुलिस ने दबोचा, 300 रुपये की मिलती थी मजदूरी, मुख्य आरोपी फरार

जबलपुर, यशभारत। बेलखेड़ा में पुलिस ने दो सटोरियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से मिले रजिस्टर में हजारों का हिसाब किताब बताया जा रहा है। तो वहीं मुख्य आरोपी मौके से फरार है। पकड़े गए गुर्गे 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी में यह कार्य कर रहे थे। मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी बेलखेड़ा श्री विजय अम्भोरे ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि बेलखेड़ा बजार में दुकान के पास भारत सिंह ठाकुर सट्टा खिला रहा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना बेलखेड़ा की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर भारत सिंह ठाकुर 24 वर्ष निवासी बजार मोहल्ला बेलखेड़ा को दबोचा गया। जिसके कब्जे से रजिस्टर के चार पन्नों में लिखी चार सट्टा पट्टी, एक केल्कुलेटर तथा सट्टा में लगायी रकम 2 हजार 510 रूपये जब्त की गई। आरोपी भारत सिंह ठाकुर ने पूछताछ पर चिन्कू उर्फ प्रियंक सिंह ठाकुर निवासी बेलखेड़ा के कहने पर सट्टा खिलाना तथा जिसके एवज में चिन्कू सिह ठाकुर द्वारा 300 रूपये मजदूरी देना बताया गया। मुख्य आरोपी फरार है।

## जीआरसी से रिटायर्ड वृद्धा के साथ लूट

### सोने की चैन और पर्स लूटरक, बाइक सवार फरार

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में वॉक करने गई जीआरसी रिटायर्ड वृद्धा के साथ लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें दो बाइक सवार युवकों ने महिला के गले से चेन और पर्स लूटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

**पुलिस तलाश रही सीसीटीव्ही फुटेज**

पुलिस ने बताया कि श्रीमती सरोज शर्मा 66 वर्ष निवासी आदित्य कालोनी रामपुर ने बताया कि वह जीआरसी से रिटायर्ड है और प्रतिदिन अपने घर से अकेले वॉक करने के लिये एसएफ आरआई कालोनी के अंदर रोड पर जाती है। जिसके चलते वृद्धा रोज की तरह वॉक करने रोड पर अकेले गयी थी, गले में पुरानी सोने की चैन लॉकेट वाली वजनी लगभग 15 ग्राम की पहनी थी एवं मोबाइल रखने वाले पर्स को कंधे में टांगे रखे थी। पर्स में लगभग 500 रूपये थे, वॉक करते हुये मेंन गेट से लगभग 1 किलो मीटर आगे शाम को पीछे से बाइक में 2 युवक आए और सोने की चैन एवं पर्स छीन लिया। जिससे वह रोड पर गिर गई।

## रक्षाबंधन पर जेल में मुलाकात रहेगी बंद

जबलपुर,यशभारत। 11 अगस्त को रक्षाबंधन पर शासकीय अवकाश होने से मुलाकात बंद रहेगी।अतः जिन बहनों के जेल में बंद अपने भाईयों को राखी भेंट करना हो वो रक्षाबंधन के पूर्व अथवा उसके पश्चात के दिनों में होने वाली मुलाकात में आकर राखी भेंट कर सकेंगी।

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हबलानी
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
मो. 9340734722, 9300049344
विशेषताएं: रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

## सोशल मीडिया में अश्लील कमेंट्स

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोशल मीडिया में अश्लील कमेंट्स करने पर एक शोहदे के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवती को बदनाम करने की नियत से पोस्ट कर रहा था। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी वाट्सएप में गलत पोस्ट कर रहा है और उसे बदनाम करने के लिए अश्लील कमेंट्स कर रहा है। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी को दबोच रही है।

**शोहदा कर रहा बदनाम, एफआईआर दर्ज**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील, अधारताल जबलपुर

राप्रक्र//अ-6/2022-23 जबलपुर
दिनांक 8.8.2022

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक्रेश कुमार जैन पिता स्व पूरनचंद जैन नि 1000/1 आममनपुर के द्वारा मौजा आममनपुर में स्थित खसरा नं 73/55/क में से रकवा 0.011 हेक्टर वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में ज्योति जैन पति चक्रेश कुमार के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर दर्ज भूमि स्वामी की मृत्यु हो जाने से विरासतन हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23/8/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 8.8.2022
पेशी दिनांक 23.8.2022

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील, अधारताल जबलपुर

राप्रक्र//अ-6/2022-23 जबलपुर
दिनांक 8.8.2022

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक्रेश कुमार जैन व अन्य तीन पिता स्व पूरनचंद जैन के द्वारा ब्लॉक नं 77 में स्थित प्लॉट नं 3,4,5,7,10,14 में से रकवा 7580/244 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में चक्रेश जैन एवं ज्योति जैन के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर दर्ज भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से विरासतन हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23/8/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 8.8.2022
पेशी दिनांक 23.8.2022

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

### भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

**स्वर्ण नीलामी**

आम जनता को सूचित किया जाता है की भारतीय स्टेट बैंक कृषि उपज मंडी शाखा मे दिनांक 20.08.2022 को दोपहर 2.00 बजे स्वर्ण ऋण मे अनिमियात खातो मे गिरवी रखे सोने की नीलामी की जाएगी।

1 नीलामी मे हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी अपने केवाईसी (KYC) दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) साथ लेकर उपस्थित हों।
2 नीलामी परिसर मे केवल प्रतिभागी को प्रवेश मिलेगा।
3 आभूषण का न्यूनतम मूल उस दिन के बाजार मूल्य पर बैंक द्वारा निर्धारित होगा।
4 नीलामी के सभी प्रतिभागी को प्रत्येक स्वर्ण ऋण का रुपए 10.000/- सुरक्षा राशि के रूप मे जमा करना होगा।
5 ये राशि दिनांक 16.08.2022 से शाखा मे जमा करवाई जा सकती है।
6 असफल प्रत्याशियों को नीलामी पूर्व यह राशि वापस मिल जाएगी।
7 नीलामी मे विजयी बोली देने वाले प्रतिभागी को 50 प्रतिशत राशि तत्काल बैंक मे जमा करनी होगी एवं शेष राशि दिनांक 23.08.2022 तक जमा करनी होगी। अन्यथा जमा की गयी राशि जप्त हों जाएगी।
8 सोने की नीलामी निरस्त करने का अधिकार शाखा प्रबन्धक के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक .

**मुख्य प्रबन्धक**
**एसबीआई कृषि उपज मंडी, जबलपुर**

### कार्यालय प्राचार्य
**शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा**
**जिला- जबलपुर ( म.प्र .)**
**Accredited 'B++' Grade, (2.88/4.00) CGPA by NAAC**
Website : www.mphighereducation.nic.in/ pgcsihora
E-mail- hegssacsihjab@mp.gov.in
Phone / Fax 07624-232000

पत्रक / स्था / 2022 — सिहोरा दिनांक 01/08/2022

**पुस्तकालय निविदा सत्र 2022-23**

महाविद्यालय में सत्र 2022-23 हेतु स्नातक स्तर पर बीए बीकॉम श्री एससी बीसीए एवं स्नातकोत्तर एम ए ( राजनीति शास्त्र अर्थशास्त्र हिन्दी ) एम.एससी . (गणित रसायन शास्त्र भौतिक शास्त्र) एवं अन्य पुस्तकों के पहेतु निविदा पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

भावपत्र स्पष्ट एवं सुवाच्य होना चाहिए । अपठनीय / अपूर्ण भावपत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा भावपत्र सील बंद लिफाफे में निम्न विवरण के साथ विभागीय वेबसाइट में प्रकाशन के 21 दिवस तक महाविद्यालय में स्वयं / कोरियर स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में जमा करें निर्धारित समय व तिथि के पश्चात प्राप्त नावपत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा । भावपत्र नीचे दिये गये प्रारूप अनुसार प्रस्तुत करे

| क्रं. | प्रकाशन के विवरण | छूट स्वयं के प्रकाशन पर | छूट अन्य प्रकाश पर |
|---|---|---|---|
| 1. | नवीन पाठ्यक्रम अनुसार पाठ्य पुस्तकें | | |
| 2. | संदर्भ ग्रंथ | | |
| 3. | शासकीय प्रकाशन | | |
| 4. | उपन्यास हिन्दी अंग्रेजी | | |
| 5. | सामान्य ज्ञान करियर / प्रतियोगी पुस्तकें आदि | | |

**निविदा की शर्तें -**

1) निविदाकार कय आदेश दिये जाने पर पुस्तकों का पार्सल शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा को पहुँचा कर देना होगा ।
2) सभी प्रकाशनों की पुस्तकों की आपूर्ति करना आवश्यक है ।
3) पुस्तकें नवीनतम संस्करण की हो ।
4) पुस्तकों पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होंगे । अन्य प्रकार से अंकित मूल्य अस्वीकार कर दिये जायेगे ।
5) पुस्तक विक्रेता को दी गई समय सीमा पर आदेशानुसार पुस्तकों की पूर्ति करनी होगी ।
6) पुस्तक कय संबंधी अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेंगे । विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा ।
7) भावपत्र के साथ बैंक खाता क्रमांक और आई . एफ.एस.सी कोड अंकित होना अनिवार्य है ।
8) फर्म अपना आयकर, विक्रय कर एवं पंजीयन के अवश्य लिखें ।
9) फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन अनिवार्य है ।
10) लिफाफ पर पुस्तकालय प्रदाय निविदा सत्र 2022-23 अवश्य अंकित करे ।
11) निविदा के साथ प्रतिभूति राशि प्राचार्य के पक्ष में देय ड्राफ्ट / बैंक बैंक रु 5000 का संलग्न करना अनिवार्य है ।
12) भावपत्र में प्रस्तावित छूट की दरें सत्र 2022-23 के लिये मान्य होगी ।
13) निविदा का अनुमानित कथ मूल्य रु . 5. लाख होगा ।

**ग्रंथपाल**
**शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा**

**प्राचार्य**
**शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा**

G-15218/22

# भोपाल में जेएमबी के दो संदिग्ध आतंकी पकड़े, युवाओं को जेहाद करने देश के खिलाफ भड़का रहे थे

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी भोपाल में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी लगातार जारी है। एनआईए ने भोपाल से जमात उल मुजाहिदीन (जेएमबी) के दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया हैं। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने दोनों आतंकियों को ईटखेड़ी इलाके से पकड़ा है। आरोपियों के नाम हमीदुल्ली उर्फ राजू गाजी और मोहम्मद सहादत हुसैन है। दोनों मूल रूप से बांग्लोदश के रहने वाले है। दोनों पर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभिन्न समूह में ऑनलाइन घृणित और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करके जेहाद के प्रचार प्रसार में शामिल होने के सबूत मिले है। यह आरोपी बांग्लोदश और भारत में अपने सहयोगियों से बात करने के एन्क्रिप्टेड एप का इस्तेमाल करते थे। आरोपी इससे पहले भोपाल में एशबाग में गिरफ्तार जमात ए मुजाहिदीन से जुड़े आतंकियों के करीबी और सहयोगी है। बता दें मध्य प्रदेश एसटीएफ भोपाल ने 14 मार्च 2022 को केस दर्ज कर एशबाग से आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 5 अप्रैल को एनआईए ने केस अपने हाथ में लेकर दोबारा एफआईआर दर्ज की थी। इस केस में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसमें तीन बांग्लोदशी थे। अभी तक की जांच में सामने आया कि यह आतंकी जेएमबी की विचारधारा का प्रचार करने और युवाओं को भारत के खिलाफ जेहाद करने के लिए प्रेरित करने में शामिल पाए गए हैं।

# जबलपुर हादसे के बाद प्रदेश में प्रोविजनल फायर NOC देने पर रोक, अग्निशमन एक्ट होगा जल्द लागू

**भोपाल ,यशभाजपा।** मध्य प्रदेश के जबलपुर के निजी अस्पताल में अग्निकांड में 8 लोगों की मौत के बाद सरकार गंभीर है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रदेश में प्रोविजनल फायर एनओसी जारी नहीं करने के निर्देश दिए है। साथ ही प्रदेश में जल्द ही अग्निशमन एक्ट लागू किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि फायर अथारिटी के द्वारा एक वर्ष के लिए प्रोविजनल फायर एनओसी दिये जाने का वर्तमान में प्रचलन है, जो उचित नहीं है। इसके स्थान पर बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के बाद पूर्णता प्रमाण-पत्र देते समय फायर अथॉरिटी द्वारा बिल्डिंग का निरीक्षण करके फायर एनओसी जारी की जाये। उन्होंने इस संबंध में जरूरी आदेश जारी करने के निर्देश प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास को दिये हैं।मंत्री ने निर्देशित किया है कि अग्निशमन अधिनियम को एक माह में तैयार करें, जिससे अधिनियम को आगामी विधानसभा सत्र में पारित कराया जा सके। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में वर्तमान में अग्निशमन एक्ट लागू नहीं है। इससे मैदानी स्तर पर अग्निशमन को लेकर कई विसंगतियां पैदा हो रही हैं।बता दें भूमि विकास नियम के अंतर्गत विभाग द्वारा नगरपालिक निगमों के आयुक्त एवं संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को नगरीय क्षेत्रों, जिला कलेक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों और मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैंटोनमेंट बोर्ड को संबंधित क्षेत्र के लिये फायर अथॉरिटी घोषित किया गया है।

# देश में सबसे ज्यादा रैगिंग के मामलों में दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश, टॉप पर उत्तर प्रदेश

**भोपाल,यशभारत।**चार साल तक उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की कथित घटनाओं के मामले में मध्य प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है। ऐंटी रैगिंग हेल्पलाइन कॉन्टैक्स सेंटर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस लिस्ट में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है। जानकारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश में 2017 से 2020 तक कुल मिलाकर रैगिंग की कुल 359 घटनाओं की सूचना दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश से 510 मामले सामने आए। साल 2020 में भी जब उच्च शिक्षण संस्थान कोविड-19 की वजह से रहे, तो कुछ महीनों के दौरान रैगिंग के 23 मामले सामने आए। साल 2020 में देश में मार्च के अंतिम सप्ताह में लॉकडाउन लगा दिया गया था, जिसके बाद सभी तरह की ऑफलाइन क्लासेज को भी बंद कर दिया गया था। मध्य प्रदेश में रैगिंग की घटनाओं ने 2017 में अचानक बढ़ोतरी देखी गई, जब ये 2016 के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गईं। 2016 में रैगिंग के कुल 55 मामले सामने आए थे, वहीं 2017 में ये 100 तक पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, 2019 तक मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में हर साल 100 से अधिक रैगिंग की शिकायतें दर्ज की गईं। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त दीपक सिंह ने कहा, च्इस तरह की शिकायतों को लेकर विभाग के द्वारा हर उच्च शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय में एक एंटी रैगिंग कमेटी है। छात्र सीधे यहां शिकायत कर सकते हैं या मेल और फोन के माध्यम से भी इस कमेटी से संपर्क कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है।

# इंटरनेट मीडिया पर ज्यादा सक्रिय रहने की वजह से समाज से कट रहे बच्चे, हो रहे अवसाद का शिकार

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में 15 दिन के भीतर मैनिट में एक इंजीनियरिंग छात्र और एम्स में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। वहीं एक आवासीय स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र ने भी छात्रावास में फांसी लगा ली। शहर के मनोचिकित्सकों के पास स्कूल और कालेज के विद्यार्थियों के डिप्रेशन की शिकायत लेकर माता-पिता पहुंच रहे हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है विद्यार्थी इंटरनेट मीडिया में ज?यादा सक्रिय रहने की वजह से घर, परिवार और अपने दोस्तों से कटते जा रहे हैं। वह अपनी बात साझा नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण वह अवसाद का शिकार हो रहे हैं। भोपाल के मनोचिकित्सकों के पास हर दिन एक दो मामले इस तरह के पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि स्कूल और कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाकायदा कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए। काउंसलर की नियुक्ति की जानी चाहिए और ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाना चाहिए जो अवसाद में हैं।गांधी मेडिकल कॉलेज में मनोचिकित्सा विभाग की सहप्राध्यापक डॉ रूचि सोनी ने बताया कि बच्चों के अवसाद में जाने और खुदकुशी करने की बड़ी वजह कई है। पहली बात तो यह कि आजकल स्कूल लाइफ से ही लड़के प्रेम संबंध में हैं। संबंध टूटने वजह से वह अवसाद में चले जाते हैं। इस दौरान अगर उन्हें समझाइश ना दी जाए तो वह खुदकुशी जैसा कदम भी वह उठा लेते हैं। दूसरी बात यह है कि बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बहुत ज्यादा आ गई है। माता पिता की उम्मीदें भी बच्चों से बहुत ज्यादा हैं। एक अन्य हॉस्टल लाइफ भी है। बच्चे होम सिकनेस में रहते हैं लेकिन वह अपने मन की बात माता-पिता से नहीं पता पाते हैं। इस संबंध में बंसल अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं कि इन दिनों बच्चों में डिप्रेशन के मामले बढ़े हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण नहीं किया जाता। हर स्कूल में एक काउंसलर होना चाहिए। समय-समय पर काउंसलिंग किया है तो समझाइस देकर बच्चों को खुदकुशी से बचाया जा सकता है।

## गाये देशभक्ति के गीत

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्रूज पर लहराया तिरंगा

**भोपाल,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार शाम को बड़ी झील (भोजताल) पर बच्चों के साथ क्रूज पर तिरंगा लहराकर आमजन से 13 से 15 अगस्त तक हर प्रतिष्ठान और घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि तिरंगा, देश की आन, बान और शान है। मुख्यमंत्री ने भोजताल में क्रूज की यात्रा करते हुए कमला पार्क, शीतल दास की बगिया, राजाभोज प्रतिमा के निकट वीआइपी रोड पर एकत्र नागरिकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हर घर तिरंगा फहराने के अभियान से जुड़ने की अपील की। श्री चौहान ने राष्ट्र भक्ति गीतों की धुन पर गीतों की प्रस्तुति के साथ बारिश की परवाह न करते हुए संबोधन दिया। गायिका आकृति मेहरा, पुलिस बैंड दल और नागरिकों ने राष्ट्रभक्ति गीतों को स्वर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक देशवासी से घर-घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अपनी साख बढ़ा रहा है। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला भी इस दौरान मौजूद रहे।प्रदेश के सभी शहर और कस्बों के वार्डों में एक भी घर ऐसा नहीं होना चाहिए, जहां तिरंगा न फहराया जाए। इसके लिए जनजागरण




अभियान चलाएं। प्रत्येक घर निमंत्रण देकर कहें कि मैं तिरंगा फहरा रहा हूं, आप भी फहराइए। राजनीतिक दल, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संगठन, व्यापारी सहित सभी वर्गों के साथ बैठक करें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देर शाम नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारा राष्ट्र ध्वज है, जो भारत की पहचान और मान-सम्मान है। यह लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर क्रांतिकारियों की याद दिलाता है। यह साल विशेष है क्योंकि देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में पंचायत के बाद भाजपा को निकायों के परोक्ष चुनाव में बड़ी सफलता

भोपाल ,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी को त्रिस्तरीय पंचायत के बाद निकायों के परोक्ष चुनाव में बड़ी सफलता मिली है। 51 में से 41 जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के बने हैं। सीधी जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का चुनाव 13 अगस्त को होगा। वहीं, अभी तक 107 नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए हैं। इनमें से 98 स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। कुल 255 निकायों के चुनाव 13 अगस्त तक होने हैं। पहली बार नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली यानी पार्षदों में से कराए जा रहे हैं। एक अगस्त से अब तक 169 निकायों में अध्यक्ष- सभापति के चुनाव संपन्न् हुए। इसमें 151 स्थानों पर भाजपा को विजयश्री प्राप्त हुई है। लगभग 95 प्रतिशत सफलता भाजपा को मिली है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और संगठन के कुशल नेतृत्व में पार्टी को यह अभूतपूर्व सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार इस तरह की सफलता मिली है। प्रदेश के गांव और शहरों की जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।13 अगस्त तक चलने वाली चुनावी प्रक्रिया में भाजपा के पक्ष में ऐसे ही परिणाम आएंगे। उन्होंने सभी निर्वाचित सभापतियों और अध्यक्षों को बधाई दी है। सोमवार को 62 स्थानों पर हुए निर्वाचन में 53 स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अध्यक्ष व सभापति चुने गए।

# मध्य प्रदेश में अनेक स्थानों पर बन रही भारी वर्षा की परिस्थितियां

**भोपाल, यशभारत।** जुलाई माह में प्रदेश को अच्छी वर्षा देने वाले कारकों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कारक रहा अति कम दबाव का क्षेत्र एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में बन गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह मंगलवार को और ताकतवर बनकर अवदाब में बदल जाएगा। इसके साथ ही मानसून द्रोणिका नीचे आकर मध्यप्रदेश के बीचों-बीच से होकर गुजर रही है। इसके चलते प्रदेश में कई स्थानों भारी वर्षा की परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह तक के लिए 13 जिलों में आरेंज तो 14 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। आरेंज अलर्ट- भारी से अतिभारी वर्षा की आशंका



नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, धार, देवास, सीहोर, मण्डला, बालाघाट , सागर, छतरपुर जिलों में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी वर्षा हो सकती है। यलो अलर्ट- अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, रतलाम, विदिशा, रायसेन, टीकमगढ़, निवाड़, दमोह, पन्ना, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा व सिवनी जिलों में कहीं -कहीं मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है।मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि, मानसून द्रोणिका मप्र से होकर गुजर रही है। वहीं कम दबाव से अति कम दबाव के क्षेत्र में बदला सिस्टम मंगलवार को अबदाव में बदल जाएगा जिसके बाद यह पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा और उड़ीसा से छत्तीसगढ़ होते हुए पूर्वी मप्र के रास्ते प्रदेश में आएगा। इसके असर से अगले तीन दिनों तक वर्षा की गतिविधियां बनी रहेंगी, जबकि अगले दो दिनों में इसमें बढ़ोत्तरी होगी। यह सिस्टम निकलेगा तो इसके बाद 15 अगस्त से बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम बनता दिख रहा है, जिससे वर्षा का एक दौर और शुरू हो सकता है।मप्र के आसपास शियर जोन बना हुआ है पूर्व-पश्चिमी हवाओं के टकराव से वर्षा के दौरान गरज-चमक की गतिविधियां होने की आशंका है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में बना चक्रवातीय परिसंचरण और महाराष्ट्र से कर्नाटक तट के समांतर बनी अपतटीय द्रोणिका भी सक्रिय है।

# वन विभाग ने काली मां के मंदिर के गेट को ईंट-सीमेंट से बंद किया

## विरोध के बाद तोड़ी दीवार

भोपाल यशभारत। राजधानी भोपाल में वन विभाग ने मां काली के मंदिर के गेट को ईंट और सीमेंट से बंद करा दिया। सोमवार इसकी सूचना जब कांग्रेस और हिंदू संगठनों को लगी तो वह पहुंच गए। काफी देर हंगामा हुआ। बाद में मंदिर का गेट दीवार तोड़ कर खोला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल के अर्जुन नगर में वन विभाग की जमीन पर मां काली का मंदिर बना था। जिसका गेट वन विभाग ने ईंट और सीमेंट से बंद करा दिया। इसके बाद कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा, पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान और संस्कृति बचाव मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने खूब हंगामा किया। इसके बाद पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। कांग्रेस और हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए वन विभाग ने ईंट और सीमेंट से बनाई दीवार को तोड़कर गेट खुलवा दिया। जिसके बाद पीसी शर्मा और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मंदिर वन विभाग की जमीन पर बना है। मंदिर में प्रवेश के लिए दूसरी तरफ से भी गेट है। अब विरोध के बाद दीवार को तोड़ दिया गया है।पूर्व मंत्री और विधायक पीसी शर्मा ने कहा कि मंदिर को बिना पुजारी को सूचना दिए बंद किया गया। जबकि मंदिर में अखंड ज्योत जल रही थी। इसके बावजूद गेट को ईंट और सीमेंट की दीवार से बंद कर दिया गया। इसके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। वहीं, पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि मंदिर 70 साल पहले बना है।






# राइजिंग मध्य प्रदेश 2022 का भव्य आयोजन

**भोपाल ,यशभारत।** झीलों के शहर भोपाल की धरती साक्षी बनी सूबे की तरक्की पर चिंतन-मंथन की। भोपाल के होटल ताज लेकफ्रंट में सियासत और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां एक साथ नजर आईं, दरअसल यह अनूठा अवसर था- ह्द्द2ह्य 18 राइजिंग मध्य प्रदेश का। देश के विभिन्न प्रदेशों में राइजिंग के नाम से News 18 का महामंच विकास पर चर्चा का साक्षी बनता रहा है। इसी सफल एवं सार्थक श्रृंखला में राइजिंग मध्य प्रदेश का भव्य आयोजन किया गया। सूबे की सियासत पर राजनैतिक दिग्गजों ने चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की। तिरंगा अभियान और आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में भी मुख्यमंत्री ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना के जरिए बेटियों को सशक्त बनाने की बात कही। किसानों, युवाओं, महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाने और उन्हें पूरी ईमानदारी से लागू करने की बात की। विपक्ष के आरोपों की धज्जियां उड़ाते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते बल्कि समग्र विकास और जनकल्याण में विश्वास रखते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी बुलडोजर मामा की छवि को लेकर भी बात की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज को अधिकार देकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने वाली शिवराज सरकार प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है, हर गरीब को रहने के लिए जगह मिले, इसके लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। हम पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वच्छता के साथ क्लीन और ग्रीन एनर्जी पर भी काम कर रहे हैं। 2023 के आगामी चुनाव के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम काम और विकास के आधार पर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिवराज सरकार आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के निर्माण की ओर अग्रसर है। राइजिंग मध्य प्रदेश के महामंच पर मध्य प्रदेश की लोक संस्कृति और कला के जब मनमोहक रंग नजर आए, तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अलग अंदाज दिखा। कलाकारों के साथ मुख्यमंत्री भी जमकर थिरके। प्रदेश के सबसे बड़े` मंच पर विभिन्न सत्रों के तहत केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेशदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मध्य प्रदेश शासन में नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग मंत्री गोपाल भार्गव, कृषि मंत्री कमल पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग तथा भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय के साथ ही मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री सचिन यादव एवं जीतू पटवारी ने मध्य प्रदेश के विकास, नीतियों और योजनाओं के विषय में अपने विचार और सुझाव व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार अन्नू कपूर ने बातचीत के साथ ही देशभक्ति गीत गाकर समां बाँध दिया। फिल्म अभिनेता मुकेश तिवारी ने भी कई मुद्दों पर बेबाक राय जाहिर की। इसके अलावा वेबसीरीजआश्रम में पम्मी पहलवान के किरदार से लाइमलाइट में आई अभिनेत्री अदिति पोहनकर और %तेरी मिटटी में मिल जांवा गाने से चर्चित बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर रुपाली जग्गा ने भी राइजिंग मध्य प्रदेश के मंच की शोभा बढ़ाई।

# भोपाल से अमेरिका जा रहे यात्री का लैपटाप एयरपोर्ट पर छूटा, सीआइएसएफ ने दूसरे विमान से पहुंचाया

**भोपाल, यशभारत।** एयर इंडिया की मुंबई उड़ान से रवाना हुए एक यात्री का लैपटाप राजा भोज एयरपोर्ट पर ही रह गया। यात्री को कनेक्टिंग उड़ान से उच्च अध्ययन के लिए अमेरिका जाना था। उसके टिकट एवं वीजा सभी लैपटाप में ही सेव थे। सीआइएसएफ के एक इंस्पेक्टर ने कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश करते हुए दूसरे विमान से लैपटाप मुंबई तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सोमवार को इंडस गार्डन बावड़िया कलां निवासी सार्थक चौहान एयर इंडिया की उड़ान से मुंबई रवाना हुए थे। विमान में सवार होने से पहले उसने सीआइएसएफ के हैंड बैगेज जांच काउंटर से सामान की जांच भी कराई। जांच के दौरान ही उसका लैपटाप काउंटर पर रह गया। विमान टेकआफ होने के बाद इंस्पेक्टर पीएल कुर्मी की नजर लैपटाप पर पड़ी। वे समझ गए यह किसी यात्री का है। लैपटाप लाक था, उस पर केवल सार्थक लिखा आ रहा था। कुर्मी ने एयरलाइंस से संप कर यात्री का विवरण निकलवाया। इधर सार्थक चौहान जैसे ही मुंबई एयरपोर्ट पर उतरे, लैपटाप न देखकर चिंतित हो उठे। उसी समय मोबाइल पर इंस्पेक्टर कुर्मी ने उन्हें जानकारी दी कि आपका लैपटाप एयरपोर्ट पर ही रह गया है। सार्थक को लैपटाप एयरपोर्ट पर होने की जानकारी तो मिल गई लेकिन उसे इस बात की चिंता सता रही थी कि यदि लैपटाप नहीं मिला तो वह अमेरिका कैसे रवाना हो पाएगा। कुर्मी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इंडिगो की उड़ान से मुंबई जा रही दो छात्राओं को लैपटाप मुंबई तक पहुंचाने का आग्रह किया। यह उड़ान जैसे ही मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड हुई, छात्राओं ने विमान से उतरकर लैपटाप सार्थक को सौंप दिया। सार्थक ने इंस्पेक्टर कुर्मी की कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए उनका आभार माना है। सार्थक ने कहा कि यदि मुझे लैपटाप समय पर न मिलता तो शायद में अमेरिका रवाना नहीं हो पाता।

# राजधानी में आठ में सिर्फ तीन सीएम राइज स्कूल ही हो पाए तैयार

**भोपाल, यशभारत।** स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के 274 स्कूलों को सीएम राइज योजना के तहत चयनित किया गया है। इनमें इस सत्र से 50 स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इसमें राजधानी में आठ स्कूलों को चिह्नित किया गया है, लेकिन इस सत्र से सिर्फ तीन स्कूल ही तैयार हो पाए हैं। पांच अन्य स्कूल अगले साल तक तैयार हो पाएंगे। भेल स्थित महात्मा गांधी शासकीय उमावि और जहांगीराबाद स्थित रशीदिया स्कूल, टीटी नगर कमला नेहरू शासकीय कन्या उमावि को तैयार किया गया है। जबकि शासकीय बालक बैरसिया, शासकीय हाइस्कूल बर्रई, शासकीय उमावि गोविंदपुरा, शासकीय उमावि निशातपुरा व शासकीय उमावि बरखेड़ी जहांगीराबाद को अभी तैयार नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सीएम राइज स्कूलों को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। इस सत्र में सीएम राइज स्कूलों को 12 लाख से 16




लाख रुपये की राशि सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए दी गई है, लेकिन कुछ स्कूलों में भवन की दरकरार है।

### माडल के रूप में तैयार है रशीदिया स्कूल

जहांगीराबाद का रशीदिया स्कूल सीएम राइज योजना के तहत माडल के रूप में तैयार किया गया है। पहली से आठवीं तक की कक्षाओं को विशेष थीम पर तैयार किया गया है। इस स्कूल में प्रवेश के लिए काफी आवेदन आए हैं। इस कारण इस सत्र में यहां पर लाटरी के माध्यम से प्रवेश दिए गए। इस स्कूल में बायो टायलेट, मेडिकल रूम, खेल ग्राउंड, कंप्यूटर लैब, म्यूजिक रूम, भोजन कक्ष आदि बनाए गए हैं। इसके अलावा इन स्कूलों में यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधाएं होंगी। स्कूलों में स्मार्ट कक्षा लगेगी।

### सीएम राइज स्कूलों में यह होंगी सुविधाएं

- प्रायमरी कक्षाओं को बच्चों के मानसिक स्तर को ध्यान में रखकर कक्षाओं को तैयार किया जा रहा है।
- बायो टायलेट तैयार किए जा रहे हैं।
- स्कूलों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था रहेगी।
- स्मार्ट कक्षा तैयार की जा रही है।
- सभी कक्षाओं को विशेष थीम को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।
- मेडिकल रूम, खेल के लिए मैदान, कंप्यूटर रूम आदि बनाए जाएंगे।
- म्यूजिक रूम में सभी वाद्य यंत्रों की व्यवस्था की जाएगी।
- भोजन कक्ष की व्यवस्था की जाएगी।
- छात्रावास और बस की सुविधा भी दी जाएगी।
- सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, एक-एक बच्चे की ट्रैकिंग एप के माध्यम से होगी।
- हर शिक्षक का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा।

स्कूल को सर्व सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। अब मुख्य द्वार से अनजान व्यक्ति क आना-जाना बंद कर दिया गया है। मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। पूरे परिसर में सीसीटीवी लगाया गया है। वर्तमान में स्कूल में 14 शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। अभी और शिक्षक स्कूल को मिलेंगे।

**- हेमलता परिहार, प्राचार्य, शासकीय महात्मा गांधी उमावि**

सीएम राइज स्कूलों को पूरी तरह से तैयार होने में करीब दो साल लगेंगे। कुछ स्कूलों को 12 से 16 लाख का बजट दिया गया है।

**- डीएस कुशवाहा, अपर संचालक, डीपीआइ**

# विटोरिया में मिलने के वादे के साथ धूमधाम से बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का समापन

## भारत की तरफ से क्लोजिंग सेरेमनी में ध्वजवाहक बॉक्सर निखत जरीन और टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल रहे

**बर्मिंघम, एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का भव्य समापन समारोह सोमवार को अलेक्जेंडर स्टेडियम बर्मिंघम में हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा विक्टोरिया के गवर्नर को सौंप दिया गया। 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में होंगे। आधिकारिक रूप से कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा अगले मेजबान को सौंप दिया गया। 2026 का कॉमनवेल्थ गेम्स पहला मल्टीसिटी ष्ट्ठ्ठल होगा जो चार शहरों जिलॉन्ग, बैलेरैट, बेंडिगो और जिप्सलैंड में संपन्न होगा। प्रिंस एडवर्ड ने आधिकारिक रूप से कॉमनवेल्थ गेम्स के समापन की घोषणा की। अब तक का सबसे ब?ा कॉमनवेल्थ गेम्स बर्मिंघम में हुआ। सबसे ज्यादा इवेंट्स और 5000 से भी अधिक खिला?ियों ने 11 दिन खेलों में हिस्सा लिया।**







बॉक्सर निखत जरीन और टेबल टेनिस खिलाडी शरत कमल समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक रहे। भारत ने मेडल टैली में चौथे स्थान पर कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का समापन किया। 22 गोल्ड मेडल, 15 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल के साथ भारत के खाते में कुल 61 मेडल आये। ओपनिंग समारोह में भारत के ध्वजवाहक बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह थे।

200 भारतीय खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चलने वाले 16 अलग-अलग खेलों में भारत के लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कॉमनवेल्थ गेम्स क्रिकेट में पहली बार शामिल हुई भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

### 61 पदक जीतकर भारत चौथे स्थान पर रहा

भारत ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 61 मेडल जीतकर इन खेलों में अपने अभियान का समापन किया। भारत के ष्ट्ठ्ठल 2022 में जीते कुल 61 पदकों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल है। भारत के लिए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के आखिरी दिन पीवी



सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाइराज रेंकी रेडडी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बैडमिंटन में और अचंता शरत कमल ने टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, जी साथियान ने टेबल टेनिस में कांस्य पदक हासिल किया जबकि भारतीय पुरुष हॉकी टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत ने 2018 में गोल्ड कोस्ट में 26 स्वर्ण सहित 66 पदक जीतकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया था। लेकिन इस बार वह उस आंकड़े को पार नहीं कर पाया। भारत को सर्वाधिक स्वर्ण और सर्वाधिक तमगे कुश्ती से हासिल हुए, जहां देश ने छह स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य सहित 12 पदक जीते। भारोत्तोलकों ने भारतीय अभियान की बेहतरीन शुरुआत करते हुए तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीते। संकेत सरगर (पुरुष 55 किग्रा) ने चांदी का तमगा जीतकर बर्मिंघम 2022 में भारत का खाता खोला था। पीवी सिंधु ने राष्ट्रमंडल खेलों में पदकों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने ष्ट्ठ्ठल 2022 में गोल्ड जीतने से पहले पिछले संस्करणों में रजत और कांस्य पदक जीते थे। लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष एकल और युगल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता और भारत ने ष्ट्ठ्ठल 2022 में बैडमिंटन में छह पदक अपने नाम किए।

### अचंता शरत कमल ने पीठ के गंभीर दर्द के साथ जीते तीन स्वर्ण सहित 4 मेडल, पूरा किया अपना 13वां पदक

बर्मिंघम एजेंसी। तीन दिनों के अंदर 12 थकाऊ मैच खेलने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के भारतीय नायक टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल को मीडिया से बातचीत के दौरान बैठने के लिए कुर्सी का सहारा लेना पड़ा। एक के बाद एक लगातार कई मैच खेलने वाले 40 साल के शरत ने इन खेलों में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल पहले पदार्पण पर अपना पहला स्वर्ण जीतने वाले इस दिग्गज के लिए बर्मिंघम में उस सफलता को दोहराने के बाद भावनाओं पर काबू रखना मुश्किल था। उन्होंने कहा, च्च् मेरे पास कोई ताकत नहीं बची है। मैं पूरी तरह से निचोड़ा हुआ महसूस कर रहा हूं। मुझे वैसा ही लग रहा है जैसा की संतरे का पूरा रस निकलने के बाद होता है। लेकिन मेरे लिये यह दो सप्ताह शानदार रहे ज्ज् शरत पर अलग-अलग वर्गों में एक के बाद एक कई मैच के कारण थकान हावी था और वह अपनी नींद भी पूरी नहीं कर पा रहे थे। पुरुष एकल फाइनल से पहले उनकी पीठ में तेज दर्द होने लगा लेकिन सफलता की ललक ने उन्हें बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उम्र को धता बताने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, च्च्यहां कई खिलाड़ी भी मुझसे पूछ रहे थे कि जब भी मैं खेलता हूं तो मैं हर बार एक नया स्ट्रोक कैसे जोड़ पाता हूं। मेरे पास इसका उचित जवाब नहीं है, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि यह आसान नहीं है ज्ज् इन खेलों में कुल 13 पदक जीतने वाले शरत ने कहा, च्च् मैं 40 साल की उम्र में जो करने में सक्षम हूं वह अविश्वसनीय है।

## 20 साल के लक्ष्य सेन ने रचा इतिहास, कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता गोल्ड

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के दूसरे दिन संकेत सागर, गुरुराज पुजारी, बिंदियारानी देवी और मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारत ने 12 विभिन्न खेलों के स्पर्धाओं में अपने मेडल जीते। भारत कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन और टेबल टेनिस (पैरा टेबल टेनिस सहित) में व्यक्तिगत पदक तालिका में शीर्ष पर है। महिलाओं की फोर लॉन बॉलिंग फोर टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इस खेल में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। वहीं, पुरुष टीम ने भी रजत पदक अपने नाम किया।मुक्केबाजों ने भी बर्मिंघम में भारत का परचम लहराते हुए सात पदक जीते। निखत ज़रीन (50 किग्रा), अमित पंघल (51 किग्रा) और नीतू (48 किग्रा) ने स्वर्ण जीते, जबकि जैस्मीन (60 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और रोहित टोकस (67 किग्रा) ने कांसे के तमगे जीते। सागर अहलावत (92 किग्रा) ने मुक्केबाजी में भारत का एकलौता रजत जीता।



# एशिया कप के लिए भारतीय टीम का एलान

## कोहली-राहुल की वापसी, अर्शदीप को मौका

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम में विराट कोहली और केएल राहुल की वापसी हुई है। रोहित शर्मा ही टीम की कमान संभालेंगे। केएल राहुल टीम के उपकप्तान होंगे। इसके अलावा दीपक हुड्डा, अर्शदीप सिंह और आवेश खान टीम में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे।


भारत ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनीबीसीसीआई ने कहा कि जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोट की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। इस वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारत ने 15 खिलाड़ियों के साथ तीन खिलाड़ियों को स्टैंडबाय पर रहने भी कहा है। इनमें श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और अक्षर पटेल शामिल हैं।

एशिया कप के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, और आवेश खान।

स्टैंडबायः श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और अक्षर पटेल।

वर्ल्ड कप के बाद से चार टी20 ही खेले कोहली

विराट कोहली 17 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज समाप्त होने के बाद छुट्टी पर चले गए थे। उनकी वापसी हुई है। कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में नहीं खेले थे। उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में भी आराम दिया गया है। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप के बाद विराट सिर्फ चार टी20 मैच ही खेल पाए हैं। इस दौरान वह भारत के 19 मैचों में नहीं खेले। इन चार मैचों में उन्होंने 20 की औसत और 128.57 की स्ट्राइक रेट 81 रन बनाए।



### ईशान, सैमसन और कुलदीप बाहर

वेस्टइंडीज दौरे पर गए श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, ईशान किशन, संजू सैमसन, कुलदीप यादव और हर्षल पटेल को 15 सदस्यीय टीम में नहीं रखा गया। इनमें से हर्षल चोटिल हैं। अय्यर और अक्षर को स्टैंडबाई के रूप में रखा गया है। सैमसन, किशन और कुलदीप को बाहर कर दिया गया।

वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए बेहतर मौका इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की तैयारियों के लिए यह एक बड़ी सीरीज है। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीरीज खेलेगी।

एशिया कप

27 अगस्त से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से है। इन दोनों टीमों कोग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप ए में कुल तीन टीमें हैं, भारत और पाकिस्तान के अलावा क्लालिफायर राउंड में जीतने वाली टीम इस ग्रुप में जगह बनाएगी। श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को ग्रुप बी में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच कुल 13 मैच खेले जाएंगे।

यूएई में होगा टूर्नामेंट

इस बार एशिया कप का आयोजन यूएई में किया जाएगा। पहले श्रीलंका को इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी, लेकिन वहां के हालात खराब होने की वजह से अब यूएई को इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के यहां नहीं खेलना चाहती हैं। ऐसे में यूएई के अलावा श्रीलंका और बांग्लादेश ही मेजबानी के दावेदार थे और श्रीलंका को इस टूर्नामेंट की मेजबानी दी गई थी। श्रीलंका से यह टूर्नामेंट छिनने के बाद यूएई को इसकी मेजबानी मिली है।

### टी20 प्रारूप में होगा टूर्नामेंट

एशिया कप इस बार टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। 1984 में शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 2014 तक 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला गया। फिर 2016 में टी-20 विश्व कप की वजह से इसे टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। तब महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारतीय टीम ही चैंपियन बनी थी। 2018 में एक बार फिर इस टूर्नामेंट को वनडे फॉर्मेट में खेला गया और रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ही चैंपियन बनी थी। अब इस साल टी-20 विश्व कप की वजह से एक बार फिर से यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

### भारत सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन बना

भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट के 13 संस्करणों में हिस्सा ले चुकी है और सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन बनी है। इसके अलावा टीम तीन बार रनर-अप भी रही। दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। श्रीलंकाई टीम पांच बार चैंपियन बनी है और छह बार रनर अप रही है।

# इवेंट में लेट पहुंचीं तापसी पन्नू तो हुआ बवाल! पापाराजी के साथ हुई जोरदार बहस

नई दिल्ली ,एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू बहुत बेबाक अंदाज में अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस हाल ही में एक इवेंट के दौरान पापाराजी से भिड़ गईं। तापसी पन्नू यहां पर अपनी अपकमिंग फिल्म Dobaaraa का प्रमोशन करने पहुंची थीं। मुंबई के Mithibai College कॉलेज में जब तापसी पन्नू पहुंचीं तो बातचीत के दौरान पापाराजी ने उनसे कह दिया कि वह इस इवेंट में लेट आई हैं।

तापसी पन्नू जब इवेंट वेन्यू पर पहुंची तो सीधा अंदर जाने लगीं। इस पर पापाराजी ने कहा कि वह पिछले 2 घंटों से उनका इंतजार कर रहे हैं और वह काफी लेट आई हैं। पैप्स ने तापसी से थोड़ी देर रुककर तस्वीरें खिंचवा लेने को कहा क्योंकि वह काफी वक्त से उनका इंतजार कर रहे थे।



### च्मुझे जो बोला गया मैं वो कर रही हूं

वीडियो के दूसरे हिस्से में तापसी पन्नू को सफाई देते हुए देखा जा सकता है जिसमें वह बता रही हैं कि वह सिर्फ उन्हें दिए जा रहे निर्देशों को फॉलो कर रही थीं। तापसी पन्नू ने कहा, च्मुझे जो बोला गया मैं वो कर रही हूं। आप मेरे पर क्यों चिल्ला रहे हो? तापसी पन्नू की फोटोग्राफर्स के साथ बहस यहीं पर खत्म नहीं हुई।

### तापसी बोलीं- एक्टर ही हमेशा गलत होता है

एक पापाराजी से बहस के दौरान तापसी पन्नू ने कहा, च्मुझसे तमीज से बात करो, मैं बस अपना काम कर रही हूं। मैं हर जगह वक्त पर पहुंचती हूं जहां भी मुझसे कहा जाता है। आप मुझसे तमीज से बात करोगे तो मैं भी आपसे तमीज से बात करूंगी ज् बहस और बढ़ी तो तापसी ने मामला शांत करते हुए हाथ जोड़कर कहा- आप ही हमेशा सही होते हो, एक्टर ही हमेशा गलत होता है।



# 16 की उम्र में कैसे इतनी मैच्योर दिखने लगी थीं हंसिका मोटवानी? मां ने लगवाए थे ऐसे इंजेशन!

मुंबई एजेंसी। साउथ इंडियन सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी आज (मंगलवार को) अपना 31वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। हंसिका मोटवानी ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी और टीवी शो च्शाका लाका बूम बूमज् के जरिए घर-घर में मशहूर हो गई थीं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट हंसिका का काम खूब पसंद किया गया लेकिन इसके बाद जैसे वह पर्दे से गायब ही हो गईं।

### चाइल्ड आर्टिस्ट को मां ने लगवाए थे ऐसे इंजेक्शन!

काफी वक्त तक हंसिका मोटवानी लाइमलाइट से दूर रहीं और फिर उन्होंने अचानक लीड रोल में वापसी की। हंसिका मोटवानी बेहद कम वक्त में दर्शकों को काफी बदली-बदली नजर आईं। वह पहले से कहीं ज्यादा मैच्योर और सुडौल दिखने लगी थीं। हालांकि इसके पीछे की वजह कुछ वक्त बाद सामने आई जिसने सभी को हिलाकर रख दिया था।

16 की उम्र में हंसिका कैसे दिखीं इतनी मैच्योर?

महज 16 साल की उम्र में हंसिका मोटवानी के इतना मैच्योर दिखने की वजह थी उनकी मां द्वारा उन्हें दिलवाए गए हॉर्मोनल इंजेक्शन्स। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हंसिका की मां उनके करियर को लेकर बहुत ज्यादा सीरियस थीं और उन्होंने अपनी बेटी को हॉर्मोन्स के इंजेक्शन लगवाए ताकि वह हिमेश रेशमिया की फिल्म च्आपका सुरूरज् के जरिए बतौर लीड एक्ट्रेस वापसी कर सकें।

# पकड़ने गए थे चाकूबाज को खुद घायल हो गई पुलिस

**2 एसआई घायल**

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत कुचबधियां मोहल्ला में देर रात चाकूबाजी के आरोपी को दबोचने गए दो एसआई पर आरोपी और उसके परिजनों ने हमला कर दिया। देखते ही देखते मौके पर आरोपी के पक्ष के करीब 30-40 लोग आरोपी को छुड़वाने दबाव बनाने लगे। वहीं, मोर्चा सम्हाले दो एसआई ने आरोपी को दबोच लिया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने मामले को नियंत्रित किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा करने सहित अनेक धाराओं में मामला कायम किया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुचबधियां



मोहल्ला से सूचना मिली कि पुराना बदमाश बाबी कुचबधियां 23 साल निर्भर कुचबधिया ने शराब पीने के लिए पैसों की डिमांड करते हुए सुनील कोरी, अंशुल कुमार सहित एक अन्य को चाकू घोंपकर बुरी तरह घायल कर दिया।

### मौके पर पहुंची पुलिस

आरोपी बाबी कुचबधियां ने तीनों पीड़ितों को बुरी तरह घायल कर दिया था। जिसके बाद पुलिस आरोपी को दबोचने कुचबधिया मोहल्ला पहुंची। जहां आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन तभी पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया।

### आरोपी को छुड़ाने दौड़ पड़े परिजन

पुलिस ने बताया कि आरोपी को दबोचने के बाद मौके पर परिजनों ने अपने साथियों के साथ पुलिस पर पहले तो आरोपी को छोड़ने दबाव बनाने लगे। लेकिन जब पुलिस ने विरोध किया तो करीब 30-40 लोगों की एकत्रित भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया।

### तोड़ दी नेम प्लेट

मौके पर एसआई दिलीप मिश्रा, एसआई योगेन्द्र राजपूत पर आरोपी के समर्थकों और परिजनों ने सीधा हमला कर दिया। जिसमें पुलिस की वर्दी फाड़ दी और नेम प्लेट भी तोड़ दी। तभी सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने स्थिति नियंत्रित कर, आरोपी को दबोच लिया। मामले की कार्रवाई जारी है।

# आज घर में कोई नहीं, बुलाया और करा दी प्रेमी की हत्या

## हाथ-पैर बांधकर गाड़ी सहित फेंक दिया था कुंए में, पति - देवर के साथ महिला गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी थाना अंतर्गत पुलिस ने अंधे कत्ल का पर्दाफास करते हुए तीन आरोपियों को दबोच लिया है। गढ़ा बचकेरा तालाब के पास कुंए में मिली युवक की लाश मामले में पुलिस ने एक महिला सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक बरगी का रहने वाला था और उसके लाल बिल्डिंग में रहने वाली महिला से नजायज संबंध थे। इसकी जानकारी जब पति को लगी तो उसने अपने देवर और पत्नी के साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी। मालूम हो कि संजीवनी नगर पुलिस को सूचना मिली लाल बिल्डिंग के पास बचकेरा तालाल के पास कुंए में बरगी निवासी मुंकदवारा निवासी राजेश विश्वकर्मा का शव गाड़ी सहित उतरा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजते हुए जांच में लिया। इस दौरान पुलिस को मृतक के परिजनो के द्वारा मृतक राजेश विश्वकर्मा के द्वारा फोन से बात होने पर



मृतक का जीवित अवस्था का चित्र

अंतिम रूप से किसी अनिल सिंगरहा से मिलने जाने की बात बतायी गयी थी।

### पति अनिल को नजायज संबंधों के बारे में पता चल गया

पुलिस ने बताया कि आरोपी अनिल सिंगरहा को पत्नी के नजायज संबंध राजेश विश्वकर्मा के साथ होने की जानकारी लग गई। इसको लेकर अनिल सिंरगहा बहुत ज्यादा मानसिक रूप से परेशान था तथा घर मे निरंतर लड़ाई झगड़ा कर रहा था आरोपी के द्वारा बार बार अपनी पत्नी से आत्म हत्या कर लेने की बात कही जाती थी और कहा जाता था की अब या तो राजेश जिंदा रहेगा या वह।

### पत्नी के साथ मिलकर बनाई योजना, इस तरह की हत्या

आरोपी ने पत्नी तथा मौसेरे भाई शंकर सिंगरहा के साथ मिलकर राजेश विश्वकर्मा को ठिकाने लगाने की योजना तैयार की। योजनानुसार अनिल ने पत्नी सावित्री सिंगरहा से मृतक को घर बुलाने के लिये कहा गया तो सावित्री सिंगरहा के द्वारा घटना के लगभग एक सप्ताह पूर्व से मृतक को फोन लगाकर अपने घर बुलाया जाने लगा जो किन्ही कारण वश मृतक आ नहीं पा रहा था फिर घटना दिनांक 3.8.22 को मृतक राजेश विश्वकमाज़ ने दिन मे सावित्री सिंगरहा को फोन कर बताया कि आज में तुमसे मिलने घर आउंगा जो बात सावित्री ने अपने पति अनिल और देवर शंकर को बतायी जिनने योजना अनुसार अनिल को रातभर के लिये घर बुलाने केकहा जो पुनः बातचीत में सावित्री ने मृतक राजेश से कहा की आज घर मे कोई नही रहेगा तुम आज रातभर के लिये आ जाना और फिर अनिल और शंकर योजनानुसार शाम से ही घर से चले गये रात मे करीबन 9 बजे मृतक राजेश सावित्री के घर आया जो थोडी देर घर मे रूका और अपने साथ लाया हुआ दारू मुर्गा खाया और बोला की में रात को 2 बजे तक वापस आउंगा। जो बात पत्नी ने अपने पति और देवर को बता दी फिर कहे अनुसार मृतक राजेश विश्वकर्मा रात मे लगभग 2 बजे अनिल और सावित्री विश्वकर्मा के घर लाल बिल्डिंग जी ब्लाक मे आया और रखी हुयी दारू पीकर खाना खाने के बाद सो गया लगभग ।घंटे के बाद जब मृतक बहुत गहरी नींद में था तब सावित्री ने अपने पति और देवर को फोन करके घर बुला लिया जो सोये राजेश के सिर पर लाठी से हमला कर और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसकी गाड़ी में उसे बांधकर कुंए में फेंक दिया।

### पूछताछ में उगल दिया पूरा सच

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो पहले तो वह आनाकानी कर रहे थे लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर संतुष्टी पूर्वक जवाव नही दे पा रहे थे गतिविधिया संदिग्ध लगने पर दोनों को अभिरक्षा में लेकर वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर पूछताछ पर अनिल सिंगरहा एवं शंकर सिंगरहा नेअनिल की पत्नी सावित्री सिंगरहा से मृतक राजेश विश्वकर्मा के नजायज संबंध होने के कारण हत्या करना स्वीकार किया।

# फाइव स्टार होटल में भाजपा पार्षद, निगम अध्यक्ष बनने 3 नाम आए सामने

## रिंकू विज के बाद लवलीन आनंद और अर्चना सिसोदिया के नाम पर चर्चा





**जबलपुर,यश भारत।** नगर निगम अध्यक्ष पद को लेकर पहले जहां रिंकू विज का नाम लगभग तय माना जा रहा था उसके बाद एकाएक दो नये नाम सामने आ गए है। जिसमें पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष लवलीन आनंद का नाम है वहीं दूसरा नाम अर्चना सिसोदिया का है। वैसे तो अर्चना सिसोदिया पहली बार पार्षद बनी है लेकिन पारिवारिक पृष्ठ भूमि के चलते उनके लिए भी लाविंग तेज हो गई है। ऐसे में रिंकू विज के अलावा दो नए नाम चर्चा का विषय बने हुए है वहीं जो नाम पहले फाइन माना जा रहा था उसको लेकर क्षेत्रीय विधायक और संगठन अस्वस्थ था लेकिन अब वहां भी संशय की स्थिति है नए नामों के चलते अब नेता प्रतिपक्ष की स्थिति भी बदल सकती है और यहां भी नये समीकरण सामने आ सकते है।

इसी बात को समझते हुए भाजपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और अपने सभी पाषज़्दों को बिलहरी स्थित विजिन महल होटल में रुकवाया हुआ है शपथ ग्रहण के बाद लगभग 4 बजे भाजपा द्वारा अपने सभी पाषज़्दों को सीधे होटल भेज दिया गया ताकि तोड़फोड़ को रोका जा सके वैसे तो भाजपा के पास संख्या बल मजबूत है लेकिन कांग्रेस से महापौर बने जगत बहादुर सिंह के व्यक्तिगत संबंध और बार-बार दलगत राजनीति से उठकर काम करने की इच्छा शक्ति भाजपा में टूट कर डर पैदा कर रही है कल हुए शपथ ग्रहण कायज़्क्रम का भाजपा नेताओं द्वारा बहिष्कार किया गया था लेकिन आज जब भाजपा के पाषज़्दों ने शपथ ली उस दौरान अन्नू और कांग्रेस विधायकों के वहां पहुंचने के बाद भाजपा में डर बढ़ गया है जिसके चलते भाजपा ने अपने पाषज़्दों को बाड़े बंदी में कर दिया है वहीं कांग्रेस के पाषज़्द सोमवार की रात तक अपने अपने घरों में थे।

### भाजपा को सता रहा टूट का डर पार्षदों को भेजा होटल

महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद अब नगर निगम सदन अध्यक्ष पद को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है वैसे तो सदन में भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत है उसके पास 44 पार्षदों के साथ एक निदज़्लीय पाषज़्द का भी समथज़्न हासिल है वही कांग्रेस की बात करें तो वह अंक गणित में भाजपा से बहुत पीछे है । यदि कांग्रेस के 26 पाषज़्दों के साथ अन्य 8 पाषज़्दों को भी जोड़ दिया जाए तो संख्या 34 पर पहुंचती है वही सदन में अध्यक्ष बनाने के लिए 40 पाषज़्दों की आवश्यकता होगी ऐसे में बिना तोड़-फ़ोड़ की राजनीति करें कांग्रेस अपना अध्यक्ष नहीं बना सकती ।







# पाटन में 13 साल की मासूम की बनी जल समाधि

## गड्डों में शंकर जी मूर्ति विसर्जित करने पहुंची थी दो बहनें , एक को ग्रामीणों ने बचाया

**जबलपुर, यशभारत।** पाटन के करैया उड़ना में अपनी मम्मी, दादी और बड़ी बहन के साथ गांव के पास बरसाती गड्डों में शंकर जी सिराने गई एक 13 साल की मासूम की डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। दरअसल दोनों बहनें पानी में जाकर शंकर जी विसर्जित कर रहीं थीं, तभी दोनों का पैर फिसल गया। जिसके बाद पास ही खड़ी मम्मी और दादी ने शोर मचाया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी बहन को पानी से निकाल लिया, लेकिन छोटी बहन गढ्डे में ही गुम हो गयी। जिसे बाद में निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का भारी जमावड़ा लग गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को अलग कर, शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। एसआई अनुराग कुमार ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पाटन के करैया



उड़ना में पूरन सिंग लोधी के यहां शंकर जी का पूजन हो रहा था। पूजन के बाद पूरन की दोनों बेटियां और मां आरती लोधी सहित दादी गांव के पास ही बड़े बरसाती गढ्डे में शंकर जी विसर्जित करने गए थे। तभी छोटी बेटी का अचानक पैर फिसल गया, जिसे बचाने गई बड़ी बेटी भी पानी में समा गई।

### ग्रामीणों ने बड़ी बेटी को बचाया

पुलिस ने बताया कि मौके पर मची चीख पुकार के बाद वहां उपस्थित बिरसन लोधी ने तत्काल बड़ी बेटी को पानी से बाहर निकाल लिया। लेकिन छोटी बेटी नहीं मिली। जिसे जब बाहर निकाला गया तो उसकी सांसे थम चुकी थीं। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )